सुविचार

उस काम को कभी ना छोड़ें जिसके बारे में आप हर दिन सोचते हैं !

RNI : RAJHIN13216/2005

# दैनिक गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्ष: 18 | अंक: 26 | पेज: 8 | मूल्य 01 रु. | जयपुर, गुरुवार 24 अगस्त, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com



# भारत ने रचा इतिहास

## देश में जश्न

## चांद तक पहुंचने का सफरनामा

- 14 जुलाई : आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से एलवीएम-3 एम-4 व्हीकल के माध्यम से चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक कक्षा में पहुंचाया गया। चंद्रयान-3 ने नियत कक्षा में अपनी यात्रा शुरू की।
- 15 जुलाई : आईएसटीआरएसी/इसरो, बेंगलुरु से कक्षा बढ़ाने की पहली प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की गई।
- 17 जुलाई : दूसरी कक्षा में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी।चंद्रयान-3 ने 41603 किमी x 226 किमी कक्षा में किया प्रवेश।
- 22 जुलाई : अन्य कक्षा में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी।
- 25 जुलाई : चंद्रयान-3, 71351 किमी x 233 किमी की कक्षा में पहुंचा।
- 01 अगस्त : इसरो ने 'ट्रांसलूनर इंजेक्शन' (एक तरह का तेज धक्का) को सफलतापूर्वक पूरा किया। अंतरिक्ष यान ट्रांसलूनर कक्षा में स्थापित किया। यान 288 किमी x 369328 किमी की कक्षा में पहुंचा।
- 05 अगस्त : चंद्रयान-3 की लूनर ऑर्बिट इनसर्शन (चंद्रमा की कक्षा में पहुंचने की प्रक्रिया) सफलतापूर्वक पूरी। 164 किमी ७ 18074 किमी की कक्षा में पहुंचा।
- 06 अगस्त : इसरो ने दूसरे लूनर बाउंड फेज (एलबीएन) की प्रक्रिया पूरी की। यान 170 किमी x 4313 किमी की कक्षा में पहुंचा। इसरो ने चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश के दौरान चंद्रयान-3 से लिया गया चंद्रमा का वीडियो जारी किया।
- 09 अगस्त : चंद्रयान-3 की कक्षा घटकर 174 किलोमीटर ७ 1437 किलोमीटर रह गई।
- 14 अगस्त : चंद्रयान-3 कक्षा का चक्कर लगाने के चरण में पहुंचा। यान 151 किमी x 179 किमी की कक्षा में पहुंचा।
- 16 अगस्त : यान को चंद्रमा के और करीब पहुंचाने के लिए विशेष 'फायरिंग' की जाती है। 'फायरिंग' की एक और प्रक्रिया पूरी। यान 153 किलोमीटर ७ 163 किलोमीटर की कक्षा में पहुंचा।
- 17 अगस्त : लैंडर मॉडयूल को प्रणोदन मॉड्यूल से सफलतापूर्वक अलग किया गया।
- 19 अगस्त : इसरो ने लैंडर मॉड्यूल की डी-बूस्टिंग की प्रक्रिया की।
- 20 अगस्त : लैंडर मॉड्यूल पर एक और डी-बूस्टिंग। लैंडर मॉड्यूल 25 किलोमीटर ७ 134 किलोमीटर की कक्षा में पहुंचा।
- 21 अगस्त : चंद्रयान-2 से चंद्रयान-3 का संचार कायम हुआ।
- 22 अगस्त : इसरो ने चंद्रयान-3 के लैंडर पोजिशन डिटेक्शन कैमरा (एलपीडीसी) से करीब 70 किलोमीटर की ऊंचाई से ली गई चंद्रमा की तस्वीरें जारी कीं।
- 23 अगस्त : सफल लैंडिंग कर इसरो ने रचा इतिहास। चंद्रयान-3 मिशन पर 600 करोड़ रुपये की लागत आई।

# चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरा चंद्रयान-3

**बुधवार शाम छह बजकर चार मिनट पर भारत का चंद्रयान-3 सफलतापूर्वक चंद्रमा की सतह पर लैंड कर गया। चंद्रयान-3 का लैंडर दक्षिणी ध्रुव पर उतरा। इसके साथ ही भारत ऐसा पहला देश बन गया है जिसका मिशन चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने में सफल रहा है।**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**नई दिल्ली।** भारत के वैज्ञानिकों ने बुधवार को वो करिश्मा कर दिखाया, जिस पर न सिर्फ पूरे देश को नाज है, बल्कि पूरी दुनिया उनका लोहा मानने को मजबूर हो गई है। हमारा चंद्रयान-3 सफलतापूर्वक चंद्रमा की सतह पर लैंड कर गया। ऐसा करने वाला भारत दुनिया का पहला देश बन गया। ऐसा इसलिए क्योंकि चांद पर अब तक जितने भी मिशन भेजे गए, उनमें से किसी भी मिशन का उद्देश्य चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव नहीं था। चंद्रमा का यह इलाका बहुत ही विषम परिस्थितियों वाला माना जाता है। यहां का तापमान भी काफी कम रहता है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को अंतरिक्ष क्षेत्र में एक नया इतिहास रचते हुए चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडर 'विक्रम' और रोवर 'प्रज्ञान' से लैस लैंडर मॉड्यूल की 'सॉफ्ट लैंडिग' कराने में सफलता हासिल की। भारतीय समयानुसार शाम करीब छह बजकर चार मिनट पर इसने चांद की सतह को छुआ। इसरो के महत्वाकांक्षी तीसरे चंद्र मिशन 'चंद्रयान-3' के लैंडर मॉड्यूल (एलएम) ने बुधवार शाम चंद्रमा की सतह को चूमकर अंतरिक्ष विज्ञान में सफलता की एक नई इबारत रची। वैज्ञानिकों के अनुसार, इस अभियान के अंतिम चरण में सारी प्रक्रियाएं पूर्व निर्धारित योजनाओं के अनुरूप ठीक से चलीं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी। पीएम ने कहा, 'जब हम अपनी आंखों के सामने ऐसा इतिहास बनते हुए देखते हैं तो जीवन धन्य हो जाता है।ऐसी ऐतिहासिक घटनाएं राष्ट्रीय जीवन की चिरंजीव चेतना बन जाती है। यह पल अविस्मरणीय है, यह क्षण अभूतपूर्व है, यह क्षण विकसित भारत के शंखनाद का है।' इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा, 'हमने चंद्रमा पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' में सफलता हसिल कर ली है। भारत चांद पर है।' उन्होंने पूरी टीम को बधाई दी है। यह एक ऐसी सफलता है जिसे न केवल इसरो के शीर्ष वैज्ञानिक, बल्कि भारत का हर आम और खास आदमी टीवी की स्क्रीन पर टकटकी बांधे देख रहा था। देश में अनेक स्कूलों में बच्चों के लिए इस ऐतिहासिक घटना का सीधा प्रसारण किया गया। यह सफलता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल में रूस का 'लूना 25' चांद पर उतरने की कोशिश करते समय दुर्घटना का शिकार हो गया था।इसरो के अधिकारियों के मुताबिक, लैंडिंग के लिए लगभग 30 किलोमीटर की ऊंचाई पर लैंडर ने 'पॉवर ब्रेकिंग फेज' में कदम रखा और गति को धीरे-धीरे कम करके, चंद्रमा की सतह तक पहुंचने के लिए अपने चार थ्रस्टर इंजन की 'रेट्रो फायरिंग' करके उनका इस्तेमाल करना शुरू कर दिया।उन्होंने बताया कि ऐसा यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया कि चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव के कारण लैंडर 'क्रैश' न हो जाए। अधिकारियों के अनुसार, 6।8 किलोमीटर की ऊंचाई पर पहुंचने पर केवल दो इंजन का इस्तेमाल हुआ और बाकी दो इंजन बंद कर दिए गए, जिसका उद्देश्य सतह के और करीब आने के दौरान लैंडर को 'रिवर्स थ्रस्ट' (सामान्य दिशा की विपरीत दिशा में धक्का देना, ताकि लैंडिंग के बाद लैंडर की गति को धीमा किया जा सके) देना था।अधिकारियों ने बताया कि लगभग 150 से 100 मीटर की ऊंचाई पर पहुंचने पर लैंडर ने अपने सेंसर और कैमरों का इस्तेमाल कर सतह की जांच की, ताकि यह पता चल सके कि कहीं कोई बाधा तो नहीं है और फिर इसने 'सॉफ्ट-लैंडिंग' करने के लिए नीचे उतरना शुरू कर दिया।इसरो के अनुसार, चंद्रमा की सतह और आसपास के वातावरण का अध्ययन करने के लिए लैंडर और रोवर के पास एक चंद्र दिवस (पृथ्वी के लगभग 14 दिन के बराबर) का समय होगा। हालांकि, वैज्ञानिकों ने दोनों के एक और चंद्र दिवस तक सक्रिय रहने की संभावनाओं से इनकार नहीं किया है।चौथा देश बन गया भारत : चांद पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' में सफलता हासिल कर भारत ऐसी उपलब्धि प्राप्त करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया है। इससे पहले अमेरिका, पूर्ववर्ती सोवियत संघ और चीन के नाम ही यह रिकॉर्ड था, लेकिन ये देश भी अब तक चांद के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र पर विजय प्राप्त नहीं कर पाए हैं। हालांकि, भारत के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने यह साहसिक कारनामा सफलतापूर्वक कर दिखाया है।









आज की यह तारीख दुनिया के इतिहास में दर्ज हो गई। हमारे वैज्ञानिकों की इस उपलब्धि पर पूरा देश गौरवान्वित महसूस कर रहा है। चांद पर भारत का यह तीसरा मिशन था। इससे पहले भी दो मिशन भेजे गए थे। पिछली बार 2019 में भी हमारा मिशन, चंद्रयान-2, करीब-करीब कामयाबी के पास पहुंच गया था। लेकिन आखिरी वक्त पर कुछ तकनीकी गड़बड़ियों की वजह से मायूसी हाथ लगी थी।इस बार उन गलतियों को सुधारा गया और हमारे वैज्ञानिकों ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि इस बार कोई चूक नहीं होगी। इसके बावजूद अंतिम के 15-20 मिनट के दौरान सबकी धड़कनें थम सी गई थीं।चांद तक पहुंचने का सफरनामा

### क्षिण ध्रुव पर कामयाब लैंडिग करने वाला भारत चौथा देश

इस कामयाबी के साथ भारत चांद के किसी भी हिस्से में मिशन लैंड कराने वाला चौथा देश बन गया है। इससे पहले अमेरिका, सोवियत संघ और चीन ही ऐसा कर सके हैं।

### कामयाब लैंडिंग के बाद रोवर के बाहर निकलने का इंतजार

अब सभी को विक्रम लैंडर से प्रज्ञान रोवर के बाहर आने का इंतजार है। धूल का गुबार शांत होने के बाद यह बाहर आएगा। इसमें करीब 1 घंटा 50 मिनट लगेगा। इसके बाद विक्रम और प्रज्ञान एक-दूसरे की फोटो खींचेंगे और पृथ्वी पर भेजेंगे।चंद्रयान मिशन को ऑपरेट कर रहे इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन यानी क्रफ्ड ने चंद्रयान को श्रीहरिकोटा से 14 जुलाई को लॉन्च किया था। 41वें दिन चांद के साउथ पोल पर लैंडिंग की प्लानिंग की गई।

### सबसे पहले जानते हैं लैंडिंग केआखिरी 20 मिनट कैसे थे

चंद्रयान-3 के लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग में 20 मिनट लगे। इस ड्यूरेशन को '20 मिनट्स ऑफ टेरर' यानी 'खौफ के 20 मिनट्स' कहा जा रहा था। ये मिनट्स ऑफ टेरर शाम 5 बजकर 44 मिनट पर शुरू हुए। तब लैंडर से चंद्रमा 30 किमी दूर था। उसकी वर्टिकल लैंडिंग प्रोसेस शुरू हुई।





| पूर्वानुमान> | गुरु | शुक्र | शनि | रवि |
|---|---|---|---|---|
| 27° अधिकतम> | 33°c | 32°c | 35°c | 33°c |
| न्यूनतम> | 25°c | 26°c | 25°c | 26°c |

## निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश

# आवासन आयुक्त एवं सचिव ने किया विभिन्न परियोजनाओं का दौरा

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** आवासन आयुक्त एवं सचिव अल्पा चौधरी ने बुधवार को कोचिंग हब, एआईएस रेजिडेंसी और क्लब-21 का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। चौधरी ने सुबह प्रताप नगर में स्थित कोचिंग हब का निरीक्षण किया। उन्होंने कैंपस में बने टावर 1 और 2, कैफेटेरिया, ऑडिटोरियम, लाइब्रेरी, पार्किंग सहित ग्रीनरी को देखा। उन्होंने बताया कि कैंपस में सिविल कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है तथा सौंदर्यीकरण पर अंतिम दौर में कार्य चल रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने एआईएस रेजिडेंसी और बहुप्रतीक्षित एनआरआई क्लब-21 में चल रहे कार्यों का भी जायजा लिया।



आयुक्त एवं सचिव ने कहा कि निरीक्षण की गई तीनों परियोजनाओं में युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है। जल्द ही इन योजनाओं का लोकार्पण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोचिंग हब में कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है जबकि एआईएस रेसीडेंसी का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। क्लब-21 का भी कार्य पूर्ण होने के लिए संवेदक को 18 महीना का समय दिया गया था, जबकि यह कार्य समय से पूर्व होने की संभावना है। इस दौरान मुख्य अभियंता प्रथम अमित अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता



संजय पूनिया, अतिरिक्त मुख्य अभियंता विजय अग्रवाल, उप वित्तीय सलाहकार ओपी बुटोलिया सहित संबंधित परियोजनाओं के उप आवासन आयुक्त, सहायक अभियंतागण और संवेदक उपस्थित रहे।

## पंचाग

दिनांक:-24 अगस्त 2023 गुरुवार

विक्रम संवत2080 श्रावन शुक्ल पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | अष्टमी | 27:10:05 |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्र | विशाखा | 09:02:49 |
| योग | ऐन्द्र | 20:35:05 |
| करण | विष्टि भद्र | 15:26:14 |
| करण | बव | 27:10:05 |
| चन्द्र राशि | वृश्चिक | |
| सूर्य राशि | सिंह | |
| दिशा शूल | दक्षिण | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 06:03:34 |
| सूर्यास्त | 18:54:37 | |
| चंद्रोदय | 12:53:55 | |
| चंद्रास्त | 23:34:18 | |
| राहू काल | 14:05 - 15:42 | |
| अभिजित | 12:03 - 12:55 | |

**शुभ चोघडिया**

| | | |
|---|---|---|
| शुभ | 06:04 - 07:40 | शुभ |
| चर | 10:53 - 12:29 | शुभ |
| लाभ | 12:29 - 14:05 | शुभ |
| अमृत | 14:05 - 15:42 | शुभ |
| शुभ | 17:18 - 18:55 | शुभ |



विशेष जानकारी:- शील सप्तमी:-आज

ज्योतिषाचार्य

भानुप्रकाश शास्त्री

# राजस्थान सरकार की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएगी मोबाइल एलईडी वैन

## सीईओ, जिला परिषद एवं उपनिदेशक, जनसम्पर्क ने दिखाई हरी झंडी

सितारा न्यूज नेटवर्क





**जयपुर।** जिला कलक्ट्रेट सभागार जयपुर में बुधवार को मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद डॉ. शिल्पा सिंह एवं उपनिदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क मान सिंह मीणा ने राजस्थान सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित प्रचार रथ एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिले में यह प्रचार रथ सभी वार्डों एवं तहसीलों के महत्वपूर्ण स्थानों पर आमजन को वीडियो प्रसारण के माध्यम से योजनाओं के प्रति जागरूक करेंगे। उपनिदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, जयपुर मान सिंह मीणा ने बताया कि राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा एक अभिनव पहल शुरू की गई है जिसके तहत मोबाइल एलईडी वैन के जरिये ना केवल योजनओं की जानकारी पहुंचाई जाएगी बल्कि बड़े ही रोचक तरीके से पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया समझाई जाएगी।

# आमेर विधानसभा के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन






सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** आमेर तहसील के राजावास सीकर रोड अनन्त सफारी गार्डन में बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रामपुरा डाबडी, आमेर की बैठक का आयोजन जयपुर ग्रामीण पर्यवेक्षक रावदान सिंह, प्रभारी आर. सी. चौधरी, विधानसभा प्रभारी कैप्टन अरविंद सिंह के मुख्य आतिथ्य, एवं जयपुर देहात जिलाध्यक्ष गोपाल मीणा की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में विधानसभा चुनाव में एकजुटता से चुनाव लडने की बात की। इस अवसर पर उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर, कांग्रेस नेता प्रशान्त शर्मा, पूर्व विधायक नवीन पिलानिया गंगा सहाय शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष बाबुलाल भुखल, राधेश्याम मीणा सहित आमेर विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सम्मान समारोह आयोजित का हुआ निर्णय

# बांदीकुई में नाथ योगी समाज की बैठक हुई आयोजित



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बांदीकुई/हेमंत शर्मा।** रविवार को नाथ समाज की बैठक सैनी बगीची, बांदीकुई में नाथ योगी समाज के जिला अध्यक्ष शिव चरण योगी, सरपंच मीना सीमला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में गुरु गोरखनाथ बोर्ड का गठन करने व नाथ समाज प्रतिभा सममान समारोह आयोजित करने पर विचार विमर्श किया गया। जिला अध्यक्ष योगी ने बताया कि 27 अगस्त 2023 को नाथ समाज का प्रतिभा सममान समारोह बांदीकुई में आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित किया जाएगा जिसमे समाज की प्रतिभाओं का सममान किया जाएगा इस अवसर पर नाथ समाज के शिवचरण योगी, जिला अध्यक्ष, खेमराज योगी बांदीकुई, बैजूपाड़ा प्रधान प्रतिनिधि राकेश योगी, बसवा तहसील अध्यक्ष मुकेश योगी, जिला महामंत्री ओमप्रकाश योगी, कोषाध्यक्ष भगवान सहाय योगी, भोला राम योगी, किशन योगी, ओमप्रकाश योगी, शिवचरण योगी, प्रकाश योगी, जीतू योगी, भागचंद योगी, विजेंद्र योगी, सुरजन योगी, पूर्व अध्यक्ष चौथमल योगी सहित जिले व तहसील से नाथ समाज के जन प्रतिनिधि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# देश ने रचा इतिहास, चांद पर लहराया तिरंगा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** प्रधानाचार्य नूतन लाटा ने बताया कि पूरा देश जिसकी सफलता की खुशियां मनाने जा रहा हैं । जगह जगह यज्ञ, हवन, पूजा, दुआओ के साथ मन से सफलता मांगी और भारत विश्व की चौथी हस्ती बन गया चंद्रमा पर चंद्र यान की सफलता पूर्वक लेंडिग हो गई इसके लिए आर्य समाज ब्यावर द्वारा संचालित गोदावरी आर्य बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के शाला परिसर बुधवार को शाम : 5 बजे विशेष यज्ञ का कार्यक्रम रखा गया है , जिसमे शाला सचिव - अभिमन्यु गहलोत ने वैदिक मंत्रों से चंद्र यान की सफलतम लेंडिग के लिए यज्ञ में आहुतियां डलवाई । वह साथ की 5.45 से लाइव प्रसारण भी दिखाया गया । सभी राष्ट्र सेवा के उत्कृष्ठ कार्य में शाला परिवार , आर्य समाज ब्यावर सभासद आदि सम्मिलित हुए। सभी विद्यार्थियों ने चांद पर चंदयान की लेंडिग होते हुए लाईव टी.वी स्क्रीन पर देखा और सफलता पर एक दूसरे को बधाईयां और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्रधान - ओमप्रकाश नवाल, मंत्री - भूदेव आर्य, शिक्षण समिति कोषाध्यक्ष - राजेंद्र काबरा, शाला सचिव - अभिमन्यु गहलोत, प्रधानाचार्य - नूतन लाटा, श्यामलता मेडम व शिक्षकगण , छात्राए उपस्थित रहे।

## कीलपुरखेड़ा गांव का आदर्श गांव के रूप मे भी हो चुका है चयन

# कीलपुरखेड़ा व जामडोली पंचायत के विकास का सवाईमाधोपुर एसीईओ के नेतृत्व मे 35 सदस्यीय टीम ने किया निरीक्षण





सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना ।** अलवर के रैणी-उपखंड की कीलपुरखेड़ा पंचायत और जामडोली पंचायत मे मंगलवार को सवाईमाधोपुर एसीईओ अजित सिंह सहरिया के नेतृत्व मे 35 सदस्यीय टीम ने दोनो पंचायतो के जनहित विकास कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 35 सदस्यीय टीम दोनो पंचायतो के विकास कार्य को देखकर बहुत ज्यादा प्रभावित हो गए और कीलपुरखेड़ा सरपंच ऋषिराज मीना को इसके लिए बहुत बहुत धन्यवाद दिया तथा इसी तरह से जामडोली पंचायत सरपंच मोहरबाई के प्रतिनिधी डी.सी.मीना को भी बहुत धन्यवाद दिया। शासन सचिव एवं आयुक्त पंचायतीराज विभाग के आदेश दिनांक 19.6.2023 द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान की कार्य योजना के तहत एक जिले से दूसरे जिले मे 35 सदस्यीय दल गठित करा भ्रमण कराने के आदेशो की अनुपालना मे मुख्य कार्यकारी अधिकारी सवाईमाधोपुर के आदेश क्रमांक - 1489--99 दिनांक 17/8/2023 द्वारा अलवर जिले मे 21/8/23 से 24/8/23 तक चार दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है जिसकी ऐवज मे मंगलवार 22/8/23 को रैणी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कीलपुरखेड़ा व जामडोली पंचायत मे भ्रमण कर मनरेगा कार्य व स्वच्छ भारत मिशन के तहत विकास कार्यो का निरीक्षण किया और एसीईओ अजित सिंह सहरिया की टीम ने इनके विकास कार्यो की सराहना की और इनके कार्य को प्रशंसनीय कार्य बताते हुए बहुत तारीफ की तथा जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियो व जनप्रतिनिधियो को इसके बहुत बहुत धन्यवाद दिया कि इन्होने अपने निजि घर की तरह पर्याप्त मात्रा मे सामग्री लगाकर विकास कार्य पूर्ण कराये है जो दीर्घकाल तक आमजन के काम आयेंगे। ऋषिराज सरपंच और डी.सी.मीना (शिवभक्त व समाज सेवी) को इसके लिए सवाईमाधोपुर से आई 35 सदस्यीय टीम ने बहुत बहुत धन्यवाद दिया तथा टीम के साथ रैणी बीडीओ कार्यालय से अशोक कुमार सहायक अभियन्ता व मुकेश कुमार मीना सहायक विकास अधिकारी तथा मनरेगा जेईएन जितेश शर्मा, निवर्तमान सरपंच एवं नगरपालिका वाइस चेयरमैन अशोक कुमार बैरवा , हरिकिशन मीना पूर्व सरपंच तथा सरपंच ऋषिराज मीना व वीडीओ नेहा शर्मा सहित कई वार्डपंच मौजूद रहे। उल्लेखनीय बात है कि कीलपुरखेड़ा गांव को राजस्थान सरकार द्वारा आदर्श गांव के रूप मे भी पूर्व मे चयनित कर दिया गया है जिसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा मुख्यमंत्री संवाद कार्यक्रम मे कीलपुरखेड़ा सरपंच ऋषिराज मीना को आमन्त्रित किया गया है।

## कांग्रेस के टिकट की दावेदारी कर रहे

# दावेदारों ने धौलपुर शहर ब्लॉक अध्यक्ष उमर फारूक उस्मानी को सौंपे आवेदन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल ।** धौलपुर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष उमर फारूक उस्मानी ने बताया कि राजस्थान विधानसभा के चुनाव की सरगर्मी तेज होने के साथ ही राजनीतिक पार्टियों ने भी अपनी टिकट वितरण करने की प्रक्रिया को शुरू कर दिया है जिसके तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राजस्थान की ओर से राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के द्वारा एक निर्देश जारी करते हुए कहा कि जो कोई भी राजस्थान विधानसभा का चुनाव कांग्रेस के टिकट से लड़ना चाहता है वह अपना आवेदन अपनी विधानसभा के ब्लॉक अध्यक्ष को सौंपे जिसके तहत 23 अगस्त 2023 आवेदन करने की अंतिम तिथि थी । धौलपुर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया प्रभारी आजाद मिर्जा ने बताया कि अंतिम तिथि तक धौलपुर शहर ब्लॉक अध्यक्ष उमर फारूक उस्मानी के पास धौलपुर विधानसभा से कांग्रेस की टिकट पर दावेदारी कर रहे दावेदारों के जो आवेदन आए वह वर्तमान विधायक शोभारानी कुशवाहा, कांग्रेस नेत्री शालिनी शर्मा, पूर्व प्रधान देवेंद्र प्रताप सिंह जादौन, (मोनू जादौन), धौलपुर हज कमेटी के अध्यक्ष हाजी अजमेरी उस्मानी, नगर परिषद पार्षद आजाद खान उस्मानी आदि दावेदारों ने धौलपुर विधानसभा से कांग्रेस की टिकट पर अपनी अपनी दावेदारी पेश की और अपने अपने आवेदन भर कर धौलपुर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उमर फारूक उस्मानी के समक्ष पेश किए।



# शिव शक्ति दुर्गा मंदिर समिति सैंथल के द्वारा निःशुल्क दंत व नेत्र परामर्श चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर आज

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी (अलवर)महेश चन्द मीना ।** अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र की प्रागपुरा पंचायत के शिव शक्ति दुर्गा मंदिर समिति सैथल के द्वारा निःशुल्क दांत व नेत्र परामर्श शिविर आज गुरुवार को आयोजित होगा । जिसके मुख्यअतिथि राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधायक जौहरी लाल मीना रहेंगे। जिसमें बल्डप्रेशर , शुगर , बिमारियों का निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया जायेगा। शिव शक्ति दुर्गा मंदिर का गठन 25 जून 2007 को किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि तत्कालीन विधायक समर्थ लाल मीना एवं तत्कालीन समय की राजगढ डीएसपी सुनिता मीना थी। हाल ही में इस कमेटी का गठन किया गया है जिसके चैयरमेन किरोड़ी मल अध्यक्ष , अमर सिंह संस्थापक व डा. विवेक कुमार वर्मा , डा. अशोक वेदना लिखु , डा. एस.एम. जाटव , डा. सुनिल चौधरी , डा. नवीन कुमार नामरवाल , डा दीपक सैनी , डा. बसंत शर्मा , राजेश मेहरा , काउंसलर विकास बाबु , उपाध्यक्ष सुनिल बैरवा , हुक्म चंद बैरवा , कमेटी अध्यक्ष छोटे लाल , दुर्गेश बैरवा , योगेश नागर , प्रागपुरा सरपंच ओमप्रकाश बैरवा , लोकेश बैरवा , हरि बैरवा , अशोक बैरवा भूडा , अंकित, कमल , नितिन, लालाराम , राजेन्द्र , राहुल बैरवा , आदि नियुक्त किये गए है जिसमें मंदिर परिसर का नाम शिव शक्ति दुर्गा मंदिर समिति में रुपांतरण किया गया और मंदिर परिसर को पंजिकृत कराने की अपिल रखी है जिसके उपलक्ष्य में मंदिर समिति द्वारा 24 अगस्त को निःशुल्क स्वास्थ्य एवं दांत विशेषज्ञ परामर्श शिविर लगाया जा रहा है जिसमें निःशुल्क मधुमेह, ब्लडप्रेशर, नेत्र जाँच और दवाईयों का वितरण किया जायेगा। मिडिया को यह सारी जानकारी अशोक बैरवा भूडा व स्थानीय सरपंच ओमप्रकाश बैरवा के द्वारा दी गयी है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।






# सीएम बोले - प्रधानमंत्री राजस्थान जैसी हेल्थ स्कीम्स को पूरे देश में करें लागू, संबोधन सूची से नाम हटाने के मामले की हो जांच

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। हेल्थ सेक्टर में राजस्थान देश का मॉडल स्टेट बन गया है। पीएम से आग्रह है कि राजस्थान की जैसी हेल्थ स्कीम्स को पूरे देश में लागू किया जाए। राजस्थान मॉडल को अपनाकर देशवासियों को एक समान हेल्थ फैसिलिटी मुहैया कराई जानी चाहिए। यह बात सीएम अशोक गहलोत ने बुधवार को 1266 करोड़ रुपए के 68 विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कही। साथ ही उन्होंने 27 जुलाई 2023 को सीकर में हुए कार्यक्रम की सम्बोधन सूची से नाम हटाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री से मामले की जांच कराने का भी आग्रह किया।




## गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश

इस दौरान सीएम ने विकास कार्यों को समयबद्ध शुरू कराने और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एसएमएस अस्पताल में 538 करोड़ रुपए लागत से 1200 बेड वाला देश का सबसे ऊंचा आईपीडी टॉवर बनाया जा रहा है। वर्ष 2018 में एमबीबीएस में सीटें 1 हजार 850 से बढ़कर अब 3 हजार 830 और पीजी में 960 से बढ़कर 1 हजार 690 सीटें हो गई हैं। चार सालों में 26 नए नर्सिंग कॉलेज खोले गए, इससे 1560 नर्सिंग सीटों में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की ओर से 3 जिलों राजसमंद, जालोर और प्रतापगढ़ में मेडिकल कॉलेज स्वीकृत नहीं किए थे, ऐसे में राज्य सरकार ने कॉलेज बनाने का फैसला लिया।

## तीन जिलों में मेडिकल कॉलेज निर्माण

इस दौरान उन्होंने राज्य में सुपर स्पेशलिटी सुविधाओं को बढ़ावा दिए जाने की बात कही। साथ ही कहा कि जयपुर में 300 करोड़ रुपए की लागत से इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो साइंसेस और इंस्टीट्यूट ऑफ ऑप्थेल्मोलॉजी की स्थापना की जाएगी। कोटा और अजमेर में इंस्टीट्यूट ऑफ पीडियाट्रिक्स, नियोनेटोलॉजी एंड मैटरनिटी स्वीकृत किए गए हैं और जोधपुर में क्षेत्रीय कैंसर संस्थान का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं, चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि तीन जिलों में मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए 1000 करोड़ और मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी के लिए भी 500 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। प्रदेश में नर्सिंग कॉलेजों की संख्या भी बढ़कर अब 40 हो गई है।

## चिकित्सा मॉडल को देश में मिल रही सराहना

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश की मेडिकल फैसिलिटी को मजबूत करने के लिए मेडिकल कॉलेजों से सम्बंधित चिकित्सा संस्थानों के 32 विकास कार्य और 3 नर्सिंग कॉलेजों के भवनों का शिलान्यास किया। साथ ही 379 करोड़ के 36 कार्यों का लोकार्पण भी किया गया। इसके अलावा सीएम ने 7।15 करोड़ रुपए लागत से तैयार 6 मोबाइल कैंसर निदान वैन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सीएम ने कहा कि राजस्थान के चिकित्सा मॉडल को पूरे देश में सराहा जा रहा है। राइट टू हेल्थ के तहत 25 लाख रुपए तक निःशुल्क उपचार के लिए मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, निःशुल्क दवाइयां और जांच सुविधा में राजस्थान देश का एकमात्र राज्य बन गया है।

# कड़े कानून बनाने में राजस्थान आगे, केंद्र सरकार पीछे

*मॉब लिंचिंग से लेकर संगठित अपराध रोकने वाले बिल, गहलोत सरकार पहले लाई*



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** पहली बार कानूनों को लेकर रोचक स्थिति बनी है। दशकों से होता यह आया है कि केंद्र की सरकार पहले संसद में बिल पारित करवाती थी। फिर वे कानून नीचे राज्यों की सरकारें भी लागू करती थी, लेकिन इस बार उल्टा हुआ। राजस्थान की सरकार ने पांच-छह बिल पहले पारित किए। केंद्र सरकार उसी शीर्षक या उसी मंतव्य से जुड़े बिल संसद में बाद में लेकर आई।

यहां तक कि मॉब लिंचिंग से लेकर संगठित अपराधों को रोकने का कानून लाने वाला राजस्थान पहला राज्य है। नकल से लेकर संगठित अपराधों पर नियंत्रण के लिए राजस्थान विधानसभा 3 साल में 2-2 बार कानून ले आई। अब केंद्र तीन कानूनों को मिलाकर ऐसे अपराधों की रोकथाम का कानून लाने जा रही है।

**1-राजस्थान ने पारित किया- राजस्थान सिनेमा विनियम (संशोधन) विधेयक 2023**

18 जुलाई को सदन में रखा, 21 जुलाई को पारित किया गया।

केंद्र सरकार ने संसद से सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) विधेयक, 2023 31 जुलाई को पारित करवाया।

पायरेसी रोकने, फिल्म चोरी की जांच करने, प्रमाणन की आयु-आधारित श्रेणियों को पेश करने और अनावश्यक को हटाने संबंधी कानून है।

**2- राजस्थान सहकारी सोसायटी (संशोधन) विधेयक 2023**

17 जुलाई को रखा, 19 जुलाई को पारित किया गया, इसमें इंटर स्टेट कॉ-ऑपरेटिव सोसायटियों पर शिकंजा कसने के प्रावधान किए गए।

केंद्र ने 25 जुलाई को लोकसभा में बहु-राज्य सहकारी सोसायटी (संशोधन) विधेयक, 2022 लोकसभा ने विधेयक पारित कर दिया।

**3- राजस्थान विधियां निरसन विधेयक 2023**

14 जुलाई को सदन में रखा, 19 जुलाई को पारित कर दिया। इसमें 133 अनुपयोगी कानून निरस्त किए गए।

केंद्र ने निरसन और संशोधन विधेयक, 2022 को 27 जुलाई 2023 को लोकसभा में पारित करवाया। इस अधिनियम से 76 अप्रचलित या निरर्थक कानूनों निरस्त हो जाएंगे।

**4- राजस्थान संगठित अपराध का नियंत्रण विधेयक 2023**

सदन में 15 मार्च को रखा और 18 जुलाई को पारित किया। इसमें गिरोह बनाकर किसी की हत्या, डकैती आदि करते हैं। मॉब लिंचिंग करते हैं। उनके खिलाफ सजा बढाई।

केंद्र ने संसद में 11 अगस्त 2023 को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक, 2023 प्रतिस्थापित किया। नस्लीय हिंसा, 5 या अधिक द्वारा किसी की हत्या पर सजा उम्र कैद आदि सजा बढ़ाने का प्रावधान। लेकिन अगले सत्र में पारित करवाया जाएगा।

**5- रजिस्ट्रेशन ऑफ बर्थ एंड डेथ (अमेंडमेंट बिल):**

यह बिल लोकसभा में 26 जुलाई को पेश किया गया और फिर पास किया गया। इस बिल के जरिए रजिस्ट्रेशन प्रोसेस को आसान बनाया गया है, साथ ही राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर जन्म और मृत्यु के विधेयक के लागू होने पर जन्म और मृत्यु पंजीकरण के बदल जाएंगे। जन्म प्रमाणपत्र के लिए आधार नंबर अनिवार्य होगा।

# प्रदेश की जनता अपराध और लूट से परेशान, इस गृहलूट सरकार से मुक्ति चाहती है जनता : केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर

*कहा : केंद्र की मोदी सरकार ने मेडिकल कॉलेज, एक्सप्रेस-वे सहित विभिन्न योजनाओं की सौगात दी*

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** प्रदेश में दुष्कर्म और महिला उत्पीडन सहित दलित अत्याचार की घटनाओं में बेतहाशा बढोतरी को लेकर केंद्रीय सूचना प्रसारण एंव खेल मामलात मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रदेश कार्यालय पर प्रेसवार्ता को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि एक दिन में 17 दुष्कर्म की घटनाएं और वह भी राजस्थान जैसे शांतिपूर्ण प्रदेश में। बहन बेटियों के खिलाफ इस तरह के अपराध बताते हैं कि प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। दस लाख अपराध के मामले, जिसमें से दो लाख महिला उत्पीडन के और तीस हजार मामले दुष्कर्म के दर्ज होना वाकई बेहद डरावना आंकडा है। केंद्र की मोदी सरकार ने हमेशा राजस्थान की जनता का ख्याल रखा है इसको समझने के लिए आप देखिए जहां पूर्व की यूपीए सरकार ने दस साल में राजस्थान को महज एक लाख करोड दिये। वहीं मोदी सरकार ने नौ साल में चार लाख करोड रूपए राजस्थान को दिये हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने




कहा कि एक्सप्रेस-वे की बात करें तो दिल्ली-मुंबई और अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस वे अपने आप में इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट का अनोखा उदाहरण है। वंदे भारत ट्रेन, 23 नये मेडिकल कॉलेज, उज्जवला योजना, पीएम आवास योजना, वन रैंक वन पेंशन जैसी योजनाओं से हिमाचल, राजस्थान, उत्तराखंड और हरियाणा के सैनिकों को लाभ मिला है। भारत आज इंग्लैंड को पीछे छोडकर विश्व की पांचवी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बना है। वहीं प्रतिदिन देश में 38 से 40 किलोमीटर सडक प्रतिदिन बन रही हैं।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि राजस्थान में दलित परिवारों के खिलाफ अत्याचार बढ रहे हैं। इसी सप्ताह अलवर के शाहजहांपुर में एक आठ वर्षीय दलित बच्चे की हत्या कर दी गई। अभी तक पुलिस उसके हत्यारों को पकड नहीं पाई। प्रदेश में बीते पौने पांच सालों में 7500 निर्दोष नागरिकों की हत्या और भीलवाडा जैसी दुष्कर्म की जघन्य घटनाएं होने के बावजूद राहुल गांधी बांसवाडा में सभा करके लौट जाते हैं। यदि राहुल गांधी को दलित आदिवासियों की इतनी चिंता है तो वे पीडित परिवारों से मिलने क्यों नहीं जाते। प्रियंका गांधी कहती हैं कि लडकी हूं लड सकती हूं लेकिन राजस्थान में दुष्कर्म के खिलाफ लडने वे क्यों नहीं आती।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि बीकानेर के खाजूवाला, करौली के नादौती और दौसा की घटनाएं इतनी वीभत्स हैं कि आम महिलाओं और उनके परिजनों में सुरक्षा को लेकर भय व्याप्त है। वहीं गहलोत सरकार महिलाओं का अपमान करने वाले दुष्कर्म के आंकडो पर राजस्थान को मर्दों का प्रदेश बताने वाले बेशर्म मंत्री को गले लगाती है, और महिला सुरक्षा की बात करने वाले लोगों को मंत्री पद से बर्खास्त करती है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज ही राजस्थान के दौसा में एक पुलिसकर्मी को दौडा-दौडाकर पीटा गया और उसपर गोली मारी गई है। भ्रष्टाचार, अपराध, दुष्कर्म, अवैध खनन, पेपर लीक, बेरोजगारी और युवाओं और किसानों से वादाखिलाफी करने वाली इस गृहलूट सरकार को राजस्थान की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार जिस घर में, वह घर स्वर्ग : राजस्व मंत्री

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** गांधी दर्शन करुणा, सहिष्णुता और दया का दर्शन है। युवा गांधीवादी विचारों को आत्मसात कर देश और समाज को आगे बढ़ाए।

यह बात राजस्व मंत्री श्री रामलाल जाट ने बुधवार को भीलवाडा नगर परिषद टाउनहॉल में आयोजित एक दिवसीय संभाग स्तरीय अहिंसा सम्मेलन के दौरान कही। शांति एवं अहिंसा निदेशालय तथा जिला प्रशासन के तत्वावधान में यह आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री श्री रामलाल जाट ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य एवं अहिंसा के बताए मार्ग पर चलकर ही जीवन को सार्थकता प्रदान की जा सकती है। उन्होंने कहा कि गांधीजी के विचार प्रेम और भाईचारे की राह पर चलने का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि सत्य एवं अहिंसा के मार्ग की भूमिका देश की आजादी में महत्वपूर्ण रही है।

# चन्द्रयान तीन की सफल लैंडिंग अद्भुत, ऐतिहासिक, महान उपलब्धि : सीपी जोशी

**कहा : प्रदेश की कांग्रेस सरकार का फ्री बिजली का दावा ढोल में पोल साबित हुआ, भ्रष्टाचार के कारण बढ़ा बिजली संकट**

सितारा न्यूज नेटवर्क







**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने आज बिरला ऑडिटोरियम में भाजयुमो द्वारा आयोजित ह्युवा प्रतिनिधि सम्मेलनह्न को संबोधित करते हुए युवाओं से प्रदेश की अकर्मण्य सरकार को उखाड फेंकने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा शब्द को जब हम विपरीत पढ़ते हैं तो उसका अर्थ वायु हो जाता है, यह वायु रूपी युवा प्रदेश की इस कांग्रेस सरकार को अपने साथ किए धोखे का जवाब वोट की पेटी में दफन कर-के देगा। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा प्रदेश कि कांग्रेस सरकार के झूठे दावों और वादों के कारण प्रदेश की जनता त्रस्त है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बिजली फ्री का वादा तो कर दिया, लेकिन बिजली उत्पादन को लेकर ठोस कदम नहीं उठाने के कारण प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया है, जिसके परिणामस्वरूप आज गांवों में दस-दस घंटे बिजली नहीं आ रही है, और शहरों में भी स्थिति खराब है। बिजली कटौती से जनता, युवा, महिला, किसान, मजदूर और उद्योगपति सहित सभी परेशान है। मुख्यमंत्री की अकर्मण्यता और भ्रष्टाचारी नीतियों ने प्रदेश के विकास और जीवन स्तर को रसातल में पहुंचा दिया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने भाजयुमो के युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि अब ना तो सोने का समय है और ना प्रदेश की अकर्मण्य कांग्रेस सरकार को सोने देने का। प्रदेश में जारी बिजली संकट को लेकर भाजपा कल से शहरी क्षेत्रों में एईएन कार्यालय और ग्रामीण क्षेत्रों में जीएसएस पर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करेगी और जिन स्थानों पर बिजली गुल होगी वहां युवा मोर्चा लालटेन और कैंडल मार्च करेगा। सीपी जोशी ने कार्यकताओं से सभी नव मतदाताओं का नाम मतदाता सूचि में जुडवाने का प्रण दिलवाते हुए कहा यह हमारी जिम्मेदारी है कि नव मतदाता का पहला वोट राष्ट्र के नाम, भाजपा के नाम और भाजपा के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम होना चाहिए। इस भ्रष्ट, युवा, महिला, दलित विरोधी प्रदेश की कांग्रेस सरकार को वोट पेटी में दफन करने का संकल्प लेकर इस युवा प्रतिनिधि सम्मेलन से जाना है।

### चन्द्रयान तीन की सफल लैंडिंग पर दी बधाई

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रदेश भाजपा कार्यालय पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ चन्द्रयान तीन लैंडिंग को लाईव देखा और इसकी सफल लैंडिंग पर बधाई देते हुए कहा चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम की सफल लैंडिंग के साथ आज भारत ने इतिहास रच दिया है, सबसे विशिष्ट बात यह है कि भारत चंद्रमा के इस हिस्से पर पहुंचने वाला पहला देश बन गया है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में इस ऐतिहासिक सफलता ने भारत के हर व्यक्ति के सपनों और महत्वाकांक्षाओं को ऊंचाइयों पर ले जाते हुए देश का नाम पूरे विश्व में ऊंचा किया है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हमारे वैज्ञानिकों के अथक समर्पण और परिश्रम का प्रमाण है। इस मिशन से जुड़े इसरो के सभी वैज्ञानिकों एवं प्रत्येक व्यक्ति को बहुत-बहुत बधाई।

# एक बार दोबारा मोदी के नेतृत्व में देश का नाम हुआ रोशन

*इसरो के सभी सदस्यों पर देशवासियों को गर्व है : भाजपा*





सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय सरदार पटेल मार्ग पर चंद्रयान-3 की लैंडिंग को लेकर कार्यकताओं में गजब का उत्साह देखने को मिला, कार्यकताओं ने भारत माता की जय के नारे लगाते हुए ढोल नगरों के साथ पटाखे छोड़ अपने उत्साह और खुशी को व्यक्त किया। भाजपा कार्यकताओं में गजब का उत्साह दिखा।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकताओं में चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग को लेकर काफी उत्साह और उल्लास का माहौल है इसी के अंतर्गत राजस्थान के प्रभारी अरुण सिंह ने कहा चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग का श्रेय इसरो के वैज्ञानिकों के साथ निश्चित रूप से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है जिन्होंने ऐसे वैज्ञानिकों का शुरूआत से ही उत्साह वर्धन किया उन्हें हमेशा सकारात्मक के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया, ऐसे माननीय और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तहे दिल से बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं। प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकताओं के साथ आमजन को चंद्रयान-3 की लैंडिंग के लिए शुभकामनाएं दी और कहा निश्चित ही देश की कमान अब एक ऐसे व्यक्ति के हाथ में है जो देश को अपने सकारात्मक विचारों से भी ज्यादा कहीं ओर ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे, ऐसे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिल की गहराइयों से बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त करता हूं।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# हालात बदले, अब दूर के नहीं रहे चंदा मामा

दादी-नानी बच्चों को गीत सुनाया करती थी, चंदा मामा दूर के, पोए पकाए पूर के, लेकिन अब चंदा मामा दूर के नहीं रहे। भारत ने चांद की दक्षिण ध्रुव पर अपना दूत चंद्रयान-3 उतारकर इतिहास रच दिया है। चंद्रयान ने 20 मिनट में चंद्रमा की अंतिम कक्षा से 25 किमी का सफर पूरा किया। लैंडर को धीरे-धीरे नीचे उतारा गया। 5 बजकर 30 मिनट पर शुरुआत में रफ लैंडिंग बेहद कामयाब रही। इसके बाद 5 बजकर 44 मिनट पर लैंडर ने वर्टिकल लैंडिग की। तब उसकी चंद्रमा से दूरी 3 किमी रह गई थी। आखिरकार लैंडर ने 6 बजकर 04 मिनट पर चांद पर कदम रखा। इस तरह भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया। अब तक कोई दुनिया का कोई भी देश दक्षिण में कदम रखने की हिम्मत नहीं जुटा पाया है। इससे पहले अमेरिका, सोवियत संघ और चीन को ही यह कामयाबी मिली है तो मिली है, लेकिन इनमें कोई भी देश दक्षिण ध्रुव पर नहीं उतरा है। अब तो इंतजार इस बात का है जब विक्रम और प्रज्ञान एक-दूसरे की फोटो खींचेंगे और पृथ्वी पर भेजेंगे। यह काम धूल का गुबार शांत होने के बाद होगा। डस्ट सेटल होने के बाद विक्रम चालू होगा और कम्युनिकेट करेगा। फिर रैंप खुलेगा और प्रज्ञान रोवर रैंप से चांद की सतह पर आएगा। पहिए चांद की मिट्टी पर अशोक स्तंभ और इसरो के लोगो की छाप छोड़ेंगे। इस मिशन के जरिए भारत ने दुनिया को बता दिया है कि उसके पास चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग करने और रोवर को वहां चलाने की काबिलियत है। इससे दुनिया का भारत पर भरोसा बढ़ेगा जो कॉमर्शियल बिजनेस बढ़ाने में मदद करेगा। भारत ने अपने हेवी लिफ्ट लॉन्च व्हीकल एलवीएम3-एम4 से चंद्रयान को लॉन्च किया है। इस व्हीकल की काबिलियत भारत पहले ही दुनिया को दिखा चुका है। भारत से पहले रूस चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लूना-25 यान उतारने वाला था। 21 अगस्त को यह लैंडिंग होनी थी, लेकिन आखिरी ऑर्बिट बदलते समय रास्ते से भटक गया और चांद की सतह पर क्रैश हो गया। चंद्रयान के सफलतापूर्वक लैंड करने के बाद न केवल दुनिया में भारत की तकनीक का डंका बजा है, बल्कि इसका सीधा लाभ देश की अर्थव्यवस्था को भी होने वाला है। यह न केवल देश को अंतरिक्ष खोज की दौड़ में बढ़त दिलाएगा। अलबत्ता, अर्थव्यवस्था में भी योगदान भी देगा। रोजगार के मौके पैदा करने से लेकर निजी निवेश में बढ़ोतरी और यहां तक कि तकनीकी प्रगति तक में चंद्रयान-3 मिशन भारतीय अर्थव्यवस्था के अलग-अलग पहलुओं को बढ़ावा देगा। चंद्रयान-3 के सफल लॉन्च से निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा। वे भारत की स्पेस टेक्नोलाजी में ज्यादा निवेश के लिए आकर्षित होंगे। इससे निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा। गूगल जैसी कंपनियां पहले से ही भारत के स्पेस-टेक स्टार्टअप में निवेश कर रही हैं। चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद विदेशी कंपनियों की ओर से निवेश बढ़ना तय है। इसके अलावा निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी से नए स्टार्टअप, व्यवसाय और नौकरी के अवसर सामने आ सकते हैं। इससे आर्थिक विकास और इनोवेशन को बढ़ावा मिलेगा। वैसे भी भारत के स्पेस-टेक इकोसिस्टम में तेजी से विकास हुआ है। इसने कोरोना महामारी के बाद से पिछले कुछ वर्षों में हजारों नौकरियां पैदा की हैं, लेकिन पहले स्पेस इकनॉमी पर ध्यान न देने के कारण संघर्ष करना पड़ा है। आज इस क्षेत्र में ब्लू-कॉलर और व्हाइट-कॉलर दोनों तरह की लाखों नौकरियां पैदा करने की क्षमता है। केवल निवेश से रोजगार ही नहीं बल्कि चंद्रयान-3 की सफलता से देश की तस्वीर भी बदलने वाली है। कभी सांप और सपेरों का देश कहे जाने वाले भारत ने विश्व गुरु बनने की दिशा में एक कदम और बढ़ा दिया है। दुनिया हमारी स्पेस तकनीक की तरफ उम्मीदों से देख रही है।

## विश्लेषण

डॉ. एन.के. सोमानी



# प. अफ्रीका के बिगड़ते हालात

नाइजर में तख्तापलट के बाद स्थिति गंभीर हो गई है। पश्चिमी अफ्रीकी देशों के संगठन इकोनॉमिक कम्यूनिटी ऑफ वेस्ट अफ्रीकन स्टेट अर्थात इकोवास ने नाइजर के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का ऐलान किया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भारत के विदेश मंत्रालय ने वहां रहने वाले भारतीय नागरिकों को नाइजर छोड़ने की सलाह दी है। हालांकि, तख्तापलट को अंजाम देने वाले सेना के कमांडर जनरल अब्दुर्रहमान ने देश में जल्द चुनाव करवाकर सत्ता हस्तांतरण की बात कही है, लेकिन साथ ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को धमकाते हुए मामले से दूर रहने की हिदायत दी है। नाइजर में हुए तख्तापलट की घटना को विस्तृत परिप्रेक्ष्य में देखें तो तीन बड़े सवाल सामने आते हैं। प्रथम, नाइजर में तख्तापलट की घटना क्यों हुई। द्वितीय, जिस तरह से इकोवास ने नाइजर में सैन्य हस्तक्षेप का ऐलान किया है, उसका आधार क्या है और तृतीय, नाइजर में लोकतंत्र की बहाली के लिए पश्चिमी देश किस रणनीति पर आगे बढ़ेंगे। कहीं ऐसा तो नहीं कि बुर्किना फासो और माली की तरह नाइजर में भी पश्चिमी देशों की रणनीति केवल बयानों तक ही सिमट कर रह जाए। नाइजर में तख्तापलट का इतिहास कोई नया नहीं है। साल 1960 में नाइजर को फ्रांस के औपनिवेशिक शासन से आजादी मिली थी। तब से अब तक यहां चार बार तख्तापलट हो चुका है। साल 2021 में बजौम पहली बार लोकतांत्रिक ढंग से हुए सत्ता हस्तांरण में नाइजर के राष्ट्रपति बने थे। नाइजर को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने अमेरिका और फ्रांस जैसी पश्चिमी ताकतों के साथ मजबूत संबंध बनाए। देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत किया। शासन में सेना के दखल को सीमित किया। लोकतांत्रिक सुधारों की इस प्रकिया से सेना नाखुश थी। देश के भीतर एक के बाद एक हो रही जिहादी घटनाएं बजौम के सुरक्षा तंत्र पर सवाल खड़े कर रही थी। बीते तीन सालों में नाइजर में अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट के लड़ाकों ने कई हमले किए हैं। हमलों में नाइजर के कई सैनिक हताहत हुए हैं। महंगाई पर नियंत्रण नहीं लगा पाने के कारण देश की अवाम बजौम सरकार के खिलाफ लामबंद हो रही थी। सेना भला ऐसे माकूल अवसर को कब हाथ से जाने देती। ऐसे में प्रेसिडेशिंयल गार्ड ने 'सुरक्षा की बिगड़ती स्थिति और खराब सामाजिक और आर्थिक प्रबंधन का हवाला देकर राष्ट्रपति बजौम को अपदस्थ कर कब्जा कर लिया। जहां तक इकोवास के सैन्य हस्तक्षेप का सवाल है। तो इकोवास का दावा भी हवा-हवाई साबित होता दिख रहा है। दरअसल, नाइजर क्षेत्र के सात देशों-नाइजीरिया, अल्जीरिया, लीबिया, बुर्किना फासो, माली, बेनिन और चाड के साथ सीमाएं साझा करता है। नाइजीरिया, बेनिन, माली और बुर्किना फासो इकोवास के सदस्य है। इन चार देशों में से माली और बुर्किना फासो में सैन्य जुंटा का शासन है। दोनों देशों ने धमकी दी है कि नाइजर पर किया गया कोई भी बल प्रयोग उन पर किया गया बल प्रयोग होगा। शेष दो देश नाइजीरिया और बेनिन है। नाइजीरिया समूह का सबसे बड़ा देश ओर इकोवास का प्रमुख वित्तपोषक है, लेकिन नाइजीरियाई सीनेटरों ने बल के अलावा अन्य साधनों के उपयोग की बात कहकर राष्ट्रपति बोला टीनूबू को संशय में डाल दिया है। हाल ही में सत्ता में आए टीनूबू के लिए सीनेटरों की राय को नजरअंदाज करना उनके राजनीति भविष्य को मुश्किल में डाल सकता है। बेनिन ने अभी अपने पते नहीं खोले हैं। दूसरी ओर इकोवास के बाहर चाड और अल्जीरिया ने भी सैन्य कार्रवाई के समर्थन से इंकार किया है। कुल मिलाकर तो सैन्य कार्रवाई के नाम पर इकोवास पूरी तरह विभाजित नजर आ रहा है। तो क्या इकोवास पश्चिमी देशों के भरोसे नाइजर को धमकी दे रहा है। रही बात पश्चिमी देशों की रणनीति की तो सबके अपने-अपने हित है। अमेरिका नाइजर का एक अहम सहयोगी है। नाइजर के विकास में अमेरिका का बड़ा योगदान रहा है। कट्टरपंथी समूहों से मुकाबला करने और रक्षा क्षमताओं में सुधार के लिए अमेरिका नाइजर की सेना और सुरक्षा बलों के साथ मिलकर काम कर रहा है। इकोवास के प्रतिबंधों के कारण देश में आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। यूएस से मिलने वाला सहयोग बंद हो चुका है। प्रतिबंधों के कारण नाइजर की ढाई करोड़ से ज्यादा आबादी तो अंधेरे में डूबी हुई है। कुल मिलाकर कहे तो नाइजर के भीतर जो हालात बन रहे हैं, उसे देखते हुए लगता है, देश में लोकतंत्र बहाली का काम आसन नहीं रहने वाला है।

(लेखक होम्योपैथी के चिकित्सक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## चंद्रयान-3 की सफलता

डॉ. पवन सिंह

जिसका इंतजार था, जिसके लिए करोड़ों-करोड़ों लोगों का दिल बेकरार था, वो पल हम सबने देखा और हम सब उसके साक्षी भी बने। यह अनुभव व सफलता 140 करोड़ भारतीयों के जीवन का स्वर्णिम पल रहेगा। सच में चंद्रयान-3 की सफलता ने 2047 के अमृतकाल की शुरुआत बहुत बेहतरीन तरीके से की है और अब प्रत्येक भारतीय का विश्वास पहले से कई गुणा बढ़ गया है, कि भारत अब किसी भी क्षेत्र में रुकने वाला नहीं है। अब सभी दिलों की केवल एक ही धुन है 'जय भारत, जय-जय भारत।' एक बार पुनः इसरो के सभी वैज्ञानिकों, कर्मचारियों की मेहनत को सलाम व सभी भारतीयों को बधाई, क्योंकि चांद से मैं भारत बोल रहा हूं।

# चांद से मैं भारत बोल रहा हूं

लगभग 41 दिनों की अद्भुत व अविस्मरणीय यात्रा के बाद, 23 अगस्त 2023 का दिन, 140 करोड़ दिलों की धड़कनें और दुनियाभर की नजरें जिस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के लिए बेसब्री से इंतज़ार कर रही थी। आखिरकार वो पल आ ही गया और जब हमारे चंद्रयान-3 ने चांद के साउथ पोल पर सफल लैंडिंग कर विश्वपटल पर एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया। इस शुभ लैंडिंग से पूरा देश उत्साह व ऊर्जा से सराबोर है। हमारे वैज्ञानिकों ने पूरे देश को गौरवान्वित करने का एक ओर मौका दिया है, इस सफलता के लिए इसरो के सभी वैज्ञानिकों, कर्मचारियों के अथक परिश्रम को कोटि-कोटि साधुवाद एवं बधाई। अब से चांद पर भी अशोक स्तंभ के रूप में भारत की शानदार छाप स्थापित हो गई है।

इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन के लिए तीन मुख्य उद्देश्य निर्धारित किए थे। पहला लैंडर की चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग कराना। दूसरा चंद्रमा पर रोवर की विचरण क्षमताओं का अवलोकन और प्रदर्शन और तीसरा चंद्रमा की संरचना को बेहतर ढंग से समझने और उसके विज्ञान को अभ्यास में लाने के लिए चंद्रमा की सतह पर उपलब्ध रासायनिक और प्राकृतिक तत्वों, मिट्टी, पानी आदि पर वैज्ञानिक प्रयोग करना। इस पूरी यात्रा में चंद्रयान-3 ने अपने इन तीनों उद्देश्यों को बखूबी पूरा किया है। अब आगे आने वाले समय में शायद चंद्रयान-3 से हमें ऐसी अनेक जानकारियां मिल सकती हैं, जिसके बारे में अभी सोच पाना मुश्किल है।

लगभग 615 करोड़ रुपये की लागत से बने और 14 जुलाई को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से यात्रा शुरू करने वाले चंद्रयान-3 के पूरे सफर ने पहले दिन से प्रत्येक भारतीय को अपने से जोड़े रखा और दुनियाभर से करोड़ों लोग टकटकी लगाए इस यात्रा से लगातार जुड़े रहे। इसरो ने पृथ्वी से दूर कई बार चंद्रयान-3 की कक्षाएं बदली थी। पृथ्वी की अलग-अलग कक्षाओं में परिक्रमा करते हुए एक अगस्त को स्लिंगशाट के बाद पृथ्वी की कक्षा छोड़कर यान चंद्रमा की कक्षा की ओर बढ़ा था। पांच अगस्त को इसने चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया। छह अगस्त को पहली बार कक्षा बदली। इसके बाद नौ, चौदह और सोलह अगस्त को कक्षाओं में बदलाव कर यह चंद्रमा के और नजदीक पहुंचा। सत्रह अगस्त को चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल अलग-अलग हो गए और लैंडर मॉड्यूल चंद्रमा की सतह की ओर बढ़ा। 18 और 19 अगस्त को दो बार डीबूस्टिंग (धीमा करने की प्रक्रिया) के बाद लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) से युक्त लैंडर मॉड्यूल चांद की सबसे करीबी कक्षा में पंहुचा और इस असंभव लगने वाली चंद्रयान-3 की यात्रा को आखिरकार हमने चुनौतियों के बावजूद भी पूरा कर लिया। बीच-बीच में कई बार दिलों की धड़कनें तेज भी हुई और डर भी लगा, लेकिन अंत भला तो सब भला। भारत साउथ पोल पर पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। साउथ पोल से भारत को ऐसी सब जानकारियां मिल सकती है, जो वहां पर जीवन की



संभावनाओं और अन्य संबंधित क्षेत्रों से जुड़ी संभावनाओं को और अधिक गति प्रदान करेगा। साउथ पोल पर पानी की सम्भावना की तलाश का मतलब होगा एक नई जिंदगी। इसके साथ ही इससे मंगल पर जाने के लिए चंद्रमा पर उतरकर फ्यूल ले सकेंगे। हाइड्रोजन-ऑक्सीजन मिलकर स्वच्छ राकेट फ्यूल बना सकते हैं, इससे पानी को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में तोड़ा जा सकता है।

साउथ पोल पर कीमती धातुओं के रूप में सोना, प्लेटिनम, टाइटेनियम और यूरेनियम होने की संभावना है। वहां पर बड़ी मात्रा में नॉन रेडिओएक्टिव हीलियम गैस और इलेक्ट्रॉनिक्स बनाने में काम आने वाली धातुएं भी मिल सकती है। चंद्रमा पर बर्फ के अणुओं का अध्ययन, चंद्रमा की सतह से अंतरिक्ष के अध्ययन की संभावना तलाशना, मिट्टी व प्राकृतिक संसाधनों का अध्ययन ऐसी अनेक संभावनाओं का भविष्य में पता चल सकता है। स्पेस मार्केट में भारत के लिए संभावनाएं पहले से अधिक बढ़ गई हैं। अंतरिक्ष में भी पूरी दुनिया आज भारत का लोहा मानने लगी है। अब भारत ने स्पेस में अमेरिका सहित कई बड़े देशों का एकाधिकार तोड़ा है। पूरी दुनिया में सैटेलाइट के माध्यम से टेलीविजन प्रसारण, मौसम की भविष्यवाणी और दूरसंचार का क्षेत्र बहुत तेज गति से बढ़ रहा है और चूंकि ये सभी सुविधाएं उपग्रहों के माध्यम से संचालित होती हैं, इसलिए संचार उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित करने की मांग में बढ़ोतरी हो रही है। हालांकि इस क्षेत्र में चीन, रूस, जापान आदि देश प्रतिस्पर्धा में है, लेकिन यह बाजार इतनी तेजी से बढ़ रहा है कि यह मांग उनके सहारे पूरी नहीं की जा सकती। ऐसे में चंद्रयान-3 की कम बजट में सफल लैंडिंग के बाद व्यावसायिक तौर पर भारत के लिए संभावनाएं पहले से अधिक बढ़ गई हैं। आज कम लागत और सफलता की गारंटी इसरो की सबसे बड़ी ताकत बन गई है। अंतरिक्ष बाजार में भारत की धमक का यह स्पष्ट संकेत है। इसके साथ ही भारत अब 200 अरब डालर के अंतरिक्ष बाजार में एक महत्वपूर्ण देश बनकर उभरा है। चांद और मंगल अभियान सहित इसरो अपने 100 से ज्यादा अंतरिक्ष अभियान पूरे करके पहले ही इतिहास रच चुका है। भविष्य में अंतरिक्ष में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, क्योंकि यह अरबों डालर की मार्केट है। कुछ साल पहले तक फ्रांस की एरियन स्पेस कंपनी की मदद से भारत अपने उपग्रह छोड़ता था पर अब वह ग्राहक के बजाय साझीदार की भूमिका में पहुंच गया है। यदि इसी तरह भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में सफलता प्राप्त करता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हमारे यान अंतरिक्ष यात्रियों को चांद, मंगल या अन्य ग्रहों की सैर करा सकेंगे। इसरो के मून मिशन, मंगल अभियान, स्वदेशी स्पेस शटल की कामयाबी और अब चंद्रयान-3 की सफलता के बाद इसरो के लिए संभावनाओं के नए दरवाजे खुल जाएंगे, जिससे भारत का निश्चित रूप से स्पेस में वर्चस्व पहले से और अधिक बढ़ जाएगा।

जिसका इंतजार था, जिसके लिए करोड़ों-करोड़ों लोगों का दिल बेकरार था, वो पल हम सबने देखा और हम सब उसके साक्षी भी बने। यह अनुभव व सफलता 140 करोड़ भारतीयों के जीवन का स्वर्णिम पल रहेगा। सच में चंद्रयान-3 की सफलता ने 2047 के अमृतकाल की शुरुआत बहुत बेहतरीन तरीके से की है और अब प्रत्येक भारतीय का विश्वास पहले से कई गुणा बढ़ गया है, कि भारत अब किसी भी क्षेत्र में रुकने वाला नहीं है। अब सभी दिलों की केवल एक ही धुन है 'जय भारत, जय-जय भारत।' एक बार पुनः इसरो के सभी वैज्ञानिकों, कर्मचारियों की मेहनत को सलाम व सभी भारतीयों को बधाई, क्योंकि चांद से मैं भारत बोल रहा हूं।

(लेखक जेसी बोस विवि, फरीदाबाद में एसोसिएट प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## एकनिष्ठ भक्ति



संकलित

दर्शन

अनेक महापुरुष हैं, अनेक देवी-देवता हैं, अनेक मार्ग हैं, किंतु एकनिष्ठता आवश्यक है। इसी कारण इष्ट देवता की अवधारणा है। घर की बहू सास, ससुर, जेठ, जेठानी सबका आदर सम्मान करती है, किसी की अवज्ञा या उपेक्षा नहीं करती। सबकी सेवा करती है, किंतु अपने पति को वह सबसे अधिक चाहती है। इसी तरह तुम भी अपने इष्ट देवता पर दृढ़ एकनिष्ठ भक्ति रखो, जबकि अन्य देवी-देवताओं का सम्मान करो, सबके प्रति श्रद्धा रखो। सभी देव एक ही परमेश्वर के रूप हैं। किंतु किसी एक के प्रति एकनिष्ठ रहो। चौसर के खेल में गोटी सब खानों का चक्कर लगाए बिना लक्ष्य पर नहीं पहुंचती। यदि दो गोटियां जोड़ी बांधकर इकट्ठी चलें तो उन्हें कोई काट नहीं सकता, नहीं तो अकेली गोटी लक्ष्य के पास पहुंचकर पकते-पकते भी कट जा सकती है। इसी प्रकार साधना के मार्ग पर भी यदि गुरु अथवा इष्ट के साथ युक्त होकर आगे बढ़ा जाए तो बाधा विघ्न का भय नहीं रहता, यात्रा निर्विघ्न रूप से सफल हो सकती है। एक बार किसी यात्री ने एक आदमी से कलकत्ता (अब कोलकाता) जाने का रास्ता पूछा। उस आदमी ने कहा, इस रास्ते से चले जाओ। थोड़ी दूर चलकर उसने और एक जन से रास्ता पूछा। उसने दूसरा रास्ता बताया। इस तरह वह थोड़ा सा आगे बढ़कर किसी से रास्ता पूछता तो पहले वाले का रास्ता छोड़ उस पर चल देता। ऐसा करते हुए वह रास्तों पर ही भटकता रहा, कलकत्ता नहीं पहुंच पाया। उसे किसी ऐसे व्यक्ति से रास्ता पूछना चाहिए था, जिस पर विश्वास हो कि वह सही मार्ग जानता है।

## रावण की वजह से बना बैद्यनाथ मंदिर



संकलित

प्रेरणा

त्रेता युग की घटना है। रावण शिव जी का परम भक्त था। रावण ने हिमालय क्षेत्र में शिवलिंग बनाकर कठोर तप किया था। इस तप से शिव जी प्रसन्न होकर प्रकट हुए। भगवान ने रावण से वरदान मांगने के लिए कहा। रावण ने शिव जी से कहा कि मैं आपका ये शिवलिंग लंका में स्थापित करना चाहता हूं। शिव जी ने रावण की इच्छा पूरी होने का वरदान दिया, लेकिन साथ में ये भी कहा कि रास्ते में तुम ये शिवलिंग जहां रख दोगे, शिवलिंग वहीं स्थापित हो जाएगा। इसके बाद तुम ये शिवलिंग आगे नहीं ले जा पाओगे। रावण ने शिव जी का बात मान ली और शिवलिंग उठाकर लंका की ओर चल दिया। रास्ते में रावण ने गलती से एक जगह शिवलिंग रख दिया। थोड़ी देर बाद वह शिवलिंग फिर से उठाने लगा, लेकिन शिवलिंग वहीं स्थापित हो गया था। बहुत कोशिश करने के बाद भी रावन शिवलिंग को उठा नहीं सका। अंत में हिम्मत हारकर रावण वहां से चला गया। रावण के जाने के बाद सभी देवी-देवता, ऋषि-मुनि और अन्य लोग इस शिवलिंग के पास पहुंचे और शिव पूजा की। सभी की पूजा से भगवान प्रसन्न हुए और प्रकट हुए। सभी भक्तों ने शिव जी से प्रार्थना की कि अब से वे यहीं निवास करें, ताकि भक्त आसानी से दर्शन-पूजन कर सके और उनका कल्याण हो सके। भक्तों की बात सुनकर शिव जी इसी शिवलिंग में ज्योति स्वरूप में विराजित हो गए। बाद ये ज्योतिर्लिंग बैद्यनाथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### राष्ट्रीय खेल हॉकी का उज्ज्वल भविष्य

देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। आजादी के बाद हमारे देश ने विभिन्न क्षेत्रों में बहुत आयाम स्थापित किए हैं। आज हमारा देश दुनिया के साथ कदमताल मिला रहा है, विकास के मामले में भी हमारा देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। खेलों में भी हमारा देश आगे बढ़ रहा है, लेकिन बहुत से लोगों को यह भी शायद पता नहीं होगा कि इस बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में हमारे देश की पुरुष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यह ट्राफी अपने नाम कर देश का मान बढ़ाया। इस ट्राफी में हमारे देश की टीम की चौथी बार जीत है। सरकारों को राष्ट्रीय खेल में देश को नम्बर एक बनाने के लिए भरपूर प्रयास करने चाहिए। इस खेल के खिलाड़ियों को विशेष सुविधाएं देनी चाहिए। सरकार की अनदेखी के कारण हमारे देश के बहुत से लोग यह भी नहीं जानते होंगे कि हॉकी हमारे देश का राष्ट्रीय खेल है। - *गुरुचरण सिंह चांवला, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### मिलकर काम करने को उत्सुक



थाविसिन को थाईलैंड के प्रधान मंत्री के रूप में आपके चुनाव पर हार्दिक बधाई। मैं भारत-थाईलैंड द्विपक्षीय संबंधों को उच्च स्तर पर ले जाने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हूं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


### जिम्मेदारी लेनी चाहिए



कोई भी बच्चा तब तक अपनी जान लेने का फैसला नहीं करेगा जब तक कि उस पर असहनीय सामाजिक दबाव न डाला जाए-एक क्रूर वास्तविकता जिसके लिए हमें जिम्मेदारी लेनी चाहिए। शैक्षिक प्रणालियों को बच्चों को पूर्ण मानव बनने के लिए सशक्त बनाना चाहिए।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### साफ नीयत का कमाल



सालों तक एमसीडी में बीजेपी की सरकार ने दिल्ली को कूड़ा कूड़ा किया। जब से एमसीडी में अरविंद केजरीवाल की सरकार बनी है तब से दिल्ली को सुंदर बनाने का काम तेजी से चल रहा है। ये होता है साफ नीयत और ईमानदारी का कमाल।

-राघव चड्ढा, आप सांसद

### कोशिश करके देखो



बस एक दिन कोशिश करके देखो, आप कितने जीवन को छू सकते हैं, आप कितने आशीर्वाद गिन सकते हैं, आप कितनी मुस्कान ला सकते हैं। शायद आप इसे एक आदत बना लेंगे।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति




## करंट अफेयर

# पाक आतंकवाद के सामने घुटने नहीं टेकेगा : पीएम



पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ ने 'तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान' के हमले में छह सैनिकों के मारे जाने के एक दिन बाद बुधवार को कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी और देश कट्टरवाद, चरमपंथ तथा असहिष्णुता के सामने घुटने नहीं टेकेगा। डॉन अखबार के अनुसार, काकड़ ने कराची में संबोधित करते हुए कहा, 'जिन लोगों को यह गलतफहमी है कि ऐसे हमले हमें झुका देंगे, उन्हें पता होना चाहिए कि हम अपने शहीदों और उनकी शहादत को कभी नहीं भूलेंगे।' अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षाबलों के एक काफिले पर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों द्वारा कल किए गए हमले में छह पाकिस्तानी सैनिक मारे गए थे। पिछले साल नवंबर में पाकिस्तान सरकार और टीटीपी के बीच संघर्षविराम समाप्त होने के बाद देश में सुरक्षाबलों पर हमलों में वृद्धि देखी गई है। काकड़ ने कहा, 'पाकिस्तान कट्टरवाद, चरमपंथ और असहिष्णुता के सामने घुटने नहीं टेकेगा... यह हमारा घर है और हम अपने देश को अपनी शर्तों पर चलाएंगे।' बलूचिस्तान प्रांत से पहली बार चुने गए सीनेटर ने कहा कि पाकिस्तान देश की कानून प्रवर्तन एजेंसियों पर करों के माध्यम से एकत्र किया गया अपना पैसा खर्च कर रहा है।

## ऑफ बीट

# बर्फीले अंटार्कटिक में होने वाले बदलाव परेशान करने वाले



अंटार्कटिका में इस शीत ऋतु की ज्यादातर समुद्री बर्फ गायब है, एक महत्वपूर्ण समुद्री धारा की गति धीमी हो रही है, और ग्लेशियर तथा बर्फ की चट्टानें विघटित हो रही हैं। भूमि पर, नाजुक काई के पारिस्थितिकी तंत्र का तेजी से क्षरण हो रहा है। संभव है कि आने वाले समय में हिम इलाकों के 'सम्राट'' पेंगुइन विलुप्त हो जाएं। कुल मिलाकर अंटार्कटिका में मानव गतिविधि से उत्पन्न प्रदूषण ने एक जहरीली विरासत छोड़ दी है। यह लगभग तय है कि चीज़ें बदतर होंगी। सैकड़ों अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों ने उभरते जलवायु संकट के जवाब में दक्षिणी महासागर विज्ञान के तत्काल विस्तार का आह्वान किया। इससे इस वैज्ञानिक दावे को बल मिलता है कि हमारे ग्रह को बचाने के लिए हमारे पास विकल्प सीमित हैं। जैसा कि हम जानते हैं, हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण अंटार्कटिका मायने रखता है, क्योंकि वहां जो घटित होता है वह वैश्विक मौसम पैटर्न और समुद्र के स्तर को प्रभावित करता है। अंटार्कटिक क्षेत्र की जलवायु बदल रही है। रिकॉर्ड तोड़ने वाली संग्रहित गर्मी बर्फ पिघला रही है, जिससे एक शृंखलाबद्ध प्रतिक्रिया शुरू हो रही है। बर्फीले ग्लेशियर तेजी से समुद्र की ओर बहते हैं। पश्चिमी अंटार्कटिक में ग्लेशियर अनुमान से अधिक तेज़ी से पिघल रहे हैं।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## बस्सी में मेरा बूथ सबसे मजबुत संकल्प को लेकर भाजपा ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस




सितारा न्यूज नेटवर्क

**बस्सी (रामफूल मीणा)।** भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय विधायक प्रवास के तहत लगे भाजपा हरियाणा राई विधानसभा विधायक मोहन लाल कौशिक के तीन दिवसीय प्रवास में अभी तक 17 ग्राम पंचायतो के कुल 159 बूथ पर कार्यकर्ताओ, बूथ अध्यक्षो एवं बूथ संयोजक, पन्ना प्रमुख, मण्डल कार्यकारणी, ग्राम चौपालो और अलग-अलग प्रकार से बैठक लेकर कार्यकताओं को अपने-अपने कार्य को पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी से करने का आव्हान किया। माननीय विधायक ने आम लोगो से भी सभी चौपालों के माध्यम से भाजपा को कैसे मजबूत कर सकते है एवं आने वाले चुनावों मे इस भ्रष्ट पेपर माफिया, बलात्कार में प्रदेश को नम्बर एक पर लाने वाली महिलाओं पर अत्याचार करने वाली कांग्रेस सरकार को उखाड़ फैकनें का आव्हान किया और विधायक ने कार्यकर्ताओ को मोदी के 9 साल बैमीसाल के विकास कार्यो को भी जनता तक पहुचाने का दिशा निर्देश दिया। आगामी विधानसभा चुनावों में किस प्रकार भाजपा को विजय मिले इसको लेकर सभी कार्यकर्ताओ को अपने अपने बुथ पर अपना कार्य सुनिश्चीत करने का विधायक ने सभी कार्यकताओं से आव्हान किया और विधायक ने अपने तीन दिवसीय प्रवास में कार्यकर्ताओ के साथ साथ आम जनता के दुख-दर्द को भी सुना और भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को जीताकर राजस्थान में भी डबल इन्जन की सरकार बनाने का आव्हान किया और इसके साथ बुधवार को कल्याण सागर लोन बस्सी में आयोजित कार्यकताओं की बैठक को विधायक ने कार्यकर्ताओ को आगामी चुनावो मे पूर्व जिला अध्यक्ष रामानन्द गुर्जर एवं नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजेश गुर्जर ने कार्यकताओं को मोदी की योजनाओ को आम जन तक पहुँचाने एवं काग्रेस सरकार के भ्रष्ठतन्त्र के बारे में जानकारी देने का आव्हान किया। बैठक में विधायक सभा में पत्रकारो को सोहन लाल शर्मा ने भी सम्बोधीत किया और इस दौरान पुर्व जिलाध्यक्ष जयपुर देहात दक्षिण रामानंद गुर्जर, विधानसभा प्रभारी सोहन लाल शर्मा, भाजपा प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति सह संयोजक चन्द्र मोहन मीणा, भाजपा नेता हेमंत मीणा, भाजपा संभाग सह प्रभारी सत्यनारायण चौधरी, पुर्व विधायक डा कन्हैया लाल मीणा, पुर्व चैयरमेन सुधीर मोहन शर्मा, जिला महामंत्री अजय पाल सिंह और जिला मंत्री एडवोकेट हरिमोहन शर्मा उपस्थित रहे ।


## सराहनीय सेवाओं पर बैंककर्मियों का किया सम्मान



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय नीमकाथाना में क्षेत्रीय प्रबंधक मोहन कुलदीप के नेतृत्व में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बैंकिंग क्षेत्र में सराहनीय सेवाएं देकर सेवानिवृत्त होने जा रहे उप क्षेत्रीय प्रबंधक जयराम जाट व रींगस शाखा के सहायक प्रबंधक फूलचंद गुर्जर का सम्मान किया गया। डीआरएम एनसी मीणा सहित रींगस शाखा प्रबंधक हिम्मत सिंह अधिकारी, सहायक प्रबंधक पीएम धायल द्वारा सेवानिवृत्त होने जा रहे बैंक अधिकारियों को साफा बंधवा कर व गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान आरएम मोहन कुलदीप ने दोनों बैंक कर्मियों द्वारा बैंकिंग क्षेत्र में दिए गए योगदान को बताते हुए उनकी कर्तव्य निष्ठा व समर्पण की प्रशंसा की और अन्य अधिकारी व कर्मचारियों को भी प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। डीआरएम एनसी मीणा ने कहा कि सेवानिवृत होने जा रहे दोनों बैंक कर्मी अपने कर्तव्य को पूरी ईमानदारी व जिम्मेदारी के साथ पूरा किया है अब इनकी सेवानिवृत्ति होने जा रही है लेकिन बैंक हमेशा इनके योगदान को याद रखेगा। इस दौरान नीमकाथाना रीजन की अनेक शाखाओं के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्वामी लक्ष्मणानंद के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया याद



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर सेवा परियोजना के अंतर्गत आने सम्राट पृथ्वीराज चौहान छात्रावास के छात्रों ने आशापुरा माता धाम मन्दिर प्रांगण चन्द्रयान की सफलता की कामना हेतु हनुमान चालीसा का निरंतर जप किया गया। सनातन धर्म रक्षक स्वामी लक्ष्मणानन्द के बलिदान दिवस एवं गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया। मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ब्यावर सेवा परियोजना के सहप्रमुख पृथ्वी सिंह भोजपुरा ने कहा कि स्वामी का जीवन धर्म रक्षा के समर्पित रहा, गोस्वामी तुलसीदास ने विभिन्न ग्रन्थ रचकर सनातन धर्म संस्कृति को अनुगृहीत कृतज्ञ किया है। इस अवसर पर ब्यावर सेवा परियोजना व्यवस्था प्रमुख कालु सिंह नंगपुरा, चौहान सेना प्रदेश अध्यक्ष सूरज प्रताप सिंह राजियावास, छात्रावास अधीक्षक शैतान सिंह, छात्रावास सह अधीक्षक महावीर सिंह सहित छात्रावास के समस्त छात्रों ने पुष्पांजलि अर्पित कर दोनों महापुरुषों को याद किया।

मंत्री टीकाराम जूली ने पंचायत भवन एवं चार कक्षा कक्षों का किया लोकार्पण

# 1 करोड 59 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सडकों के निर्माण कार्यों का हुआ शिलान्यास







सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा /अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने आज अलवर ग्रामीण क्षेत्र की ग्राम पंचायत खारेडा में आयोजित कार्यक्रम में 1 करोड 59 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सडकों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास व पंचायत भवन एवं चार कक्षा कक्षों का लोकार्पण किया। मंत्री जूली ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सडक कनेक्टिविटी को जोडने हेतु राज्य सरकार द्वारा बडे पैमाने पर सडक निर्माण के कार्य कराए जा रहे है जो राज्य सरकार की विकास की मंशा को दर्शार्ते हैं। उन्होंने कहा कि अलवर ग्रामीण सडक तंत्र में आगे बढकर प्रदेश में विकास के मॉडल का नया इतिहास लिख रहा है।

उन्होंने कहा कि करोडों रुपए की लागत से बन रही सडकों से जहां ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी वहीं ग्रामीणों का अमूल्य समय को भी बचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सडकों के निर्माण से विकास के द्वार खुलते हैं जिससे रोजगार के अवसर सृजित होकर आमजन को रोजगार प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के नागरिकों को राहत प्रदान करने एवं प्रदेश के विकास को गति देने के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में नित नए नवाचार कर आमजन को लाभांवित करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं से आमजन को लाभांवित किया जा रहा है वहीं ये योजनाएं अन्य राज्यों के लिए एक नजीर साबित हो रही है।

**इन कार्यों का किया गया शिलान्यास एवं लोकार्पण:** मंत्री जूली अलवर ग्रामीण क्षेत्र में करीब 1 करोड 59 लाख रुपए की लागत राशि से जिसमें भडोली से खारेडा तक, भडोली से घाटी की ओर, भडोली घाटी से कडाई तक एवं पृथ्वीपुरा बाग से भडोली होते हुए बालेटा तक बनने वाली सडकों के निर्माण कार्यों एवं रिनिवल कार्यों का शिलान्यास किया एवं नवसृजित पंचायत भवन खारेडा के निर्माण कार्य व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लीली में 4 कक्षा-कक्षों, खारेडा में मस्जिद के पास मदरसे में कमरों का लोकार्पण किया।

**मंत्री जूली ने दिया मानवता का परिचय:** मंत्री जूली ने सडक निर्माण शिलान्यास एवं अन्य विकास कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम से वापस अलवर आते समय करौली मेगा हाईवे सोहनपुर पुलिया के समीप बाइक सवार राजगढ़ के बालावास निवासी संजय के सड़क दुर्घटना में घायल हो जाने पर अपना वाहन रोककर उसे तुरंत एस्कार्ट में लगी मालाखेड़ा थाना पुलिस की जीप से इलाज के लिए मालाखेड़ा अस्पताल भिजवाया। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को तुरन्त समय पर इलाज मिल सके इसी संबंध में पुलिस की जीप से घायल को मालाखेड़ा अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की गई। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाकर घायल व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। इस मानवीय कर्तव्य को सभी लोगों को निर्वहन करना चाहिए। इस अवसर पर नगर पलिका चेयरमैन हिम्मत चौधरी, नरेंद्र सावित्री मीणा, लालाराम सैनी, सम्मा खान, अनिल नरूका, इंद्र मीणा, जगदीश बलाई, सुभान खान, समसु खान, हजारी मीणा, राजेंद्र, जगदीश, हेमराज प्रजापत, एडीपीसी मनोज शर्मा, प्रधानाचार्य रेणू शर्मा सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संया में आमजन उपस्थित रहे।

## चंद्रयान-3: भाजपा कार्यकताओं ने मनाई खुशी




सितारा न्यूज नेटवर्क

**बस्सी (रामफूल मीणा)।** बुधवार को बस्सी शहर में मुख्य बस स्टैंड पर भाजपा कार्यकताओं ने चंद्रयान 3 के सफलता पूर्वक चांद की सतह पर उतरने पर पटाखे फोड़ कर एवम् मिठाई खिला कर खुशियां मनाई। इस दौरान कार्यकताओं ने भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद, वंदे मातरम जैसे देश भक्ति के नारे लगाए। इस दौरान पूर्व विधायक कन्हैया लाल मीणा ने कहा की यह पूरे भारतवासियों के लिए बहुत ही गौरव का विषय है। भाजपा नेता हेमन्त मीना ने कहा कि यह हमारे वैज्ञानिकों की इच्छा शक्ति व समस्त भारतीयों के सामर्थ्य को दशार्ता है, भारत को विश्वगुरु बनने की ओर एक और कदम बढ़ा है। नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पाटनी ने कार्यकताओं को धन्यवाद दिया। इस दौरान युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मीना, विष्णु पंचोली, विश्वजीत भारद्वाज, दीपक अखरिया, विजय कालवानिया, दिनेश कालवानियां, मुकेश भांकरी, रामकेश धामस्या, निर्मल झालानी, अजय कालवानियाँ, मनसुख लालगढ़, मनी बांसखोह, के के बलेसरा, पीयूष दोपहरिया, युवराज सैनी, दीपक यादव, विक्रम गुर्जर सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नहनजी जारवाल की पुण्यतिथि पर...

## रैणी प्रधान मीरा मांगेलाल मीना ने नहन जी की छतरी का किया लोकार्पण व प्रतिमा का अनावरण





सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र की रैणी प्रधान मीरा मांगेलाल मीना ने परबैणी में जगराम मीना, बनवारी, कमल और नन्दलाल जारवाल के स्वर्गीय पिता श्री नहनजी जारवाल की पुण्यतिथि पर उनकी छतरी का लोकार्पण किया एवं उनकी प्रतिमा (मूर्ति) का फीता काटकर अनावरण किया। इस अवसर पर भण्डारे के रूप मे प्रसाद वितरण किया और जारवाल गोत्र के 12 गांव भोजन प्रसादी के लिए आमन्त्रित किए गए और परबैणी पंचायत के सभी गाँवो को भी निमंत्रण दिया गया। इस मौके पर उपस्थित सभी गणमान्य ग्रामीण पंच पटेल लोगों ने प्रधान मीना का हार्दिक स्वागत किया एवं उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। मिडिया को यह सारी जानकारी आरडी मीना बैरावण्डा के द्वारा दी गई है।

## चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा की गई भव्य आतिशबाजी





सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर भारती जनता पार्टी ब्यावर के कार्यकताओ ने अजमेर देहात जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतडा के नेतृत्व मे चांगगेट पर भव्य आतिशबाजी व पटाखे जलाकर एक दुसरे का मुँह मीठा कर खुशी मनाई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भूतड़ा ने कहा की चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग ने दुनिया में भारत का परचम लहरा दिया। यह अमृतकाल में आत्मनिर्भर भारत व नए भारत का आगाज है। इसके लिए देश के वैज्ञानिको का अभिनन्दन व देश की जनता को बधाई। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री का भी अभिनन्दन जिनके कार्यकाल मे देश नये आयाम स्थापित कर रहा है। पूरे विश्व में भारत देश ने पहली बार चंद्रमा पर दक्षिणी हिस्से में सफल सॉफ्ट लैंडिंग की। इस अवसर पर चेतन गोयर, आशिष सांड, पार्षद रवि चौहान, महामंत्री सत्येंद्र यादव, संतोष जाग्रत, मुकेश घावरी, दिपक चौहान, विपिन गुजराती, देवीदास सोनी, राज जागिंड, हेमंत तुनगरिया, मूलसिह राजपुरोहित, हिमांशु शर्मा, कुजबिहारी, लक्ष्मण हुडा, मनप्रीत हुडा, बजरग प्रजापति सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हत्या के प्रयास में फरार आरोपी गिरफ्तार

**धौलपुर।** भाभी को गोली मारने के बाद फरार चल रहे देवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कंचनपुर थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज था। थाना प्रभारी योगेंद्र शर्मा ने बताया कि 29 जून 2023 को पीड़िता सुमन द्वारा थाने में मामला दर्ज कराया गया था। जिसमें बताया गया कि 29 जून को उसके देवर विष्णु ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी थी। आरोपी विष्णु द्वारा की गई फायरिंग के बाद महिला सुमन की कमर में गोली लग गई। थाना प्रभारी ने बताया कि मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। जिसकी जांच एएसआई उमाशंकर द्वारा की जा रही थी। उन्होंने बताया कि हाल ही में जेल भेजे गए आरोपी विष्णु को प्रोडक्शन वारंट पर बुधवार को जेल से गिरफ्तार किया गया है।

## 24-25 अगस्त को होगा जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन: पंकज तिवारी





सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल।** राजस्थान युवा महोत्सव का आयोजन जिला स्तर पर धौलपुर ज़िले में नगरपरिषद सभागार मचकुंड रोड में 24 एवं 25 अगस्त को किया जाएगा। राजस्थान युवा महोत्सव के जिला समन्वयक पंकज तिवारी ने बताया कि 24 अगस्त दिन गुरुवार को सुबह 8 बजे से नगरपरिषद सभागार में ब्लॉक स्तर पर विजेता प्रतिभागियों का पंजीयन शुरू हो जाएगा उसके पश्चात जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा इसमें सम्पूर्ण ज़िले से नृत्य, गायन, वादन एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे ये प्रतियोगिताएं दो दिन तक आयोजित की जाएगी जिसमें 25 अगस्त को जिला स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव का समापन कार्यक्रम होगा जिसमें जिला स्तर पर विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण किए जाएंगे तिवारी ने बताया कि जिला स्तर पर जीतने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले राजस्थान युवा महोत्सव के लिए भेजा जाएगा युवा महोत्सव जिला समन्वयक पंकज तिवारी ने सभी प्रतिभागियों से आग्रह किया है कि जिन कलाकारों ने ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है वह सभी 24 अगस्त को नगरपरिषद धौलपुर पर पहुँचना सुनिश्चित करें ।

# कंचनपुर थाना प्रभारी योगेंद्र शर्मा ने 'ऑपरेशन गरिमा' के तहत छात्राओं से किया संवाद

### ऑपरेशन गरीमा के तहत कार्यवाही करते हुए 2 व्यक्तियों को किया गिरफ्तार





सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाडी/अंकित गोयल।** हैल्पलाईन नंबर 1090 : उप महानिरीक्षक पुलिस, सिविल राईट्स एवं एएचटी, राजस्थान जयपुर महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज भरतपुर पुलिस अधीक्षक महोदय मनोज कुमार के निर्देशन में एवं वृताधिकारी बाबूलाल मीना के निकटतम सुपरविजन में महिलाओं / बालिकाओं की सुरक्षा हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाईन के नम्बरों के व्यापक प्रचार प्रसार करवाने हेतु निर्देशित किया है इसी क्रम में दिनांक 22-08-2023 थानाधिकारी थाना कंचनपुर योगेन्द्र शर्मा व टीम ने स्कूल एव कालेज में पढने वाली बालिकाओं को हैल्पलाईन नंबर 1090 बारे मे जानकारी दी गई एवं बताया कि उक्त नंबर पूर्णत टोल फ्री नंबर है यह नंबर पर बालिका / महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अत्याचार एवं छेडछाड जैसी घटनाओं को रोकने के लिये है एवं समझाईस की गई कि "ऑपरेशन गरिमा' के दौरान " महिलाओं / बालिकाओं के साथ होने वाली छेडछाड, छींटाकशी आदि की घटनाओं को रोकने हेतु स्कूल, कॉलेज, गर्ल्स होस्टल एवं जहां महिलाओं / बालिकाओं का आवागमन अधिक होता हो वहां जाब्ता लगाकर मनचलों के खिलाफ अधिक से अधिक प्रतिदिन कार्यवाही की जायेगी ।

कार्यवाही विवरणः- "ऑपरेशन गरिमा" के दौरान पीडित महिला की सूचना पर कार्यवाही करते हुये धारा 107 / 151 सीआरपीसी के तहत गैरसायल 1. कलुआ पुत्र कुरुबुद्दीन उम्र 40 साल जाति मुसलमान लीलगर निवासी कंचनपुर थाना कंचनपुर जिला धौलपुर व 2. ईदू पुत्र हमीद उम्र 28 साल जाति मुसलमान लीलगर निवासी कंचनपुर जिला धौलपुर को गिरफ्तार कर हिरासत में लिया गया ।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### चंद्रयान-3 की सफल लैडींग, मनाया जश्न

# महामण्डलेश्वर ने इसरो सहित पूरे देशवासियों को दी बधाई




**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**नागौर। (विनोद धायल)** बधुवार को चंद्रयान-3 ने चांद के दक्षिण ध्रुव पर कमद रखकर इतिहास रच दिया है। इस तरह भारत चांद के दक्षिणा ध्रुव पर लैंडिग करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया हैं, इस खुशी में विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय में जश्न मनाया गया। गो चिकित्सालय के व्यवस्थापक श्रवणराम बिश्नोई ने बताया कि इस शुभ अवसर पर महामण्डलेश्वर स्वामी कुशालगिरी महाराज के सानिध्य में सैंकड़ों भक्तों व युवाओं ने भारत माता की जय व देशभक्ति गीत के साथ झूमकर जश्न मनाया गया, बड़ी मात्रा में पुष्पों की वर्षा की गई। भारत की ऐतिहासिक कामयाबी पर महामण्डलेश्वर ने इसरो सहित पूरे देशवासियों को बधाई दी व शुभकामनाएं दी और कहा आज का दिन हमारे भारत देश के लिए बहुत गौरव का दिन है जो इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जायेगा।

# एस एम सी का पुनर्गठन, धायल बनें अध्यक्ष



**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जोधपुर।** भोपालगढ उपखंड क्षेत्र के नव गठित ग्राम पंचायत झालामलिया में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में विद्यालय प्रबंध समिति का गठन किया गया जिसमें सरकारी प्रधानाध्यापक जितेन्द्र निम्बङ व अध्यापिका जय साखंला ने बताया कि सर्व समिति से महेश धायल को प्रबंध समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिसमें प्रताप राम मैगवाल को उपाध्यक्ष सहित कार्यकारणी का गठन किया गया जिसमें सरपंच प्रतिनिधि पप्पू राम सिराण वार्ड पंच दिनेश कुमार विश्नोई सुशीला जोशी ललिता संगीता प्रेम दास ओमप्रकाश रतना राम मैगवाल काना राम सिराण सहित तमाम अभिभावक गठ सहित मौजुद रहे अध्यक्ष धायल ने विद्यालय के समस्त स्टाफ गणों का व ग्राम वासियो का आभार व्यक्त किया धायल को अध्यक्ष बनने पर तमाम शुभचिंतकों ने मुँह मिठा कर बधाई दि जिसमें बीरबल सौऊ मलार दिनेश अनिल सिराण मदरुप डुडी घेवर राम डऊकियाआदि मौजुद रहे।

# प्रदेशाध्यक्ष नटवाडिया ने भी दी बधाईयाँ, कहा : यह गौरवशाली पल

### टीम इसरो पर हम सभी देशवासियों को गर्व है : प्रदेशाध्यक्ष रमेन्द्र नटवाड़िया

**सितारा न्यूज नेटवर्क**



**जयपुर।** निश्चित रुप से मिशन चन्द्रयान -3 का सफलतापूर्वक चंद्रमा पर पहुंचना भारत देश के लिए गौरवान्वित पल है। भाजपा नेता झोटवाड़ा विधान सभा व भाजपा राष्ट्रीय शाह शक्ति संगठन के प्रदेशाध्यक्ष रमेन्द्र कुमार नटवाड़िया ने कहा कि चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत की एक ऐतिहासिक और अभूतपूर्व उपलब्धि है। टीम इसरो की ऐतिहासिक और अभूतपूर्व उपलब्धि पर सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं बहुत बहुत शुभकामनाएं एवं टीम इसरो के कर्मठ वैज्ञानिकों तथा इस मिशन से जुड़े सभी सदस्यों का हार्दिक अभिनंदन। भारत के बहुप्रतीक्षित मिशन 'चंद्रयान-3' की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल 'सॉफ्ट-लैंडिंग' हो गई है। देश मिशन चन्द्रयान -3 की कामयाबी पर खुशी मना रहा है। हमें हमारी इसरो टीम पर गर्व है।

# अवैध मादक पदार्थ गाँजे के साथ मुल्जिम सुरेश मालावत को पुलिस मे किया गिरफ्तार

**सितारा न्यूज नेटवर्क**



**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर )** । चौमूं थाना पुलिस ने पुलिस आयुक्तालय जयपुर द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे "ऑपरेशन क्लीन स्वीप" के तहत बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ बेचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया। वहीं पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के पास से करीब 1 किलो 800 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है। थानाधिकारी अमित कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस थाने रामेश्वर लाल को गश्त के दौरान एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में बाइक पर दिखाई दिया। इस दौरान पुलिस ने व्यक्ति के संदिग्ध लगने पर जब सख्ती से पूछताछ की गई व तलाशी ली गई तो युवक के पास 1 किलो 800 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया । थानाधिकारी अमित कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी सुरेश मालावत उर्फ सूरज (22) पुत्र बुग्गाराम सांसी निवासी गांव गौरी का बास गोविंदगढ़ हाल निवासी खादी बाग रोड चौमूं को गिरफ्तार किया गया है, साथ ही आरोपी के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के परिवहन के काम में ली गई मोटरसाइकिल को भी पुलिस द्वारा जब्त की गई है।

### विधानसभा चुनाव 2023: आगाज राजनीतिक रण का...

# चौमूं विधानसभा से कांग्रेस के टिकट के लिए दावेदारी शतक पार ,कुल 109 उम्मीदवारों ने ठोकी ताल

## चौमूं विधान सभा से कांग्रेस के टिकट के लिए पहले दिन 51 तो दूसरे दिन 58 उम्मीदवारों ने सौंपे आवेदन पत्र

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर )** ।प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार आगामी विधानसभा चुनावों के मध्य नजर चौमूं विधानसभा से विधायकों का चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों के आवेदन पत्र लेने को लेकर दूसरे दिन बुधवार को भी आवेदन पत्र जमा करवाकर दावेदारी जताने वालों का सिलसिला जारी रहा । दूसरे दिन की खास बात यह रही की जहां पहले दिन आवेदन प्राप्त करने वाली टीम ने एकजुटता दिखाते हुए एक ही स्थान पर उम्मीदवारों से आवेदन पत्र प्राप्त किये । वहीं दूसरे दिन आवेदन पत्र प्राप्त करने वाली टीम की गुटबाजी खुलकर सभी के सामने स्पष्ट रुप से नजर आ गई ।गौरतलब है कि पहले दिन उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने के लिए जहां प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सचिव एवं चौमूं विधानसभा




प्रभारी तारा बेनीवाल एवं जिला कांग्रेस कमेटी से नियुक्त चौमूं विधानसभा प्रभारी गंगा राम मीणा,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पश्चिम के अध्यक्ष गिरिराज देवन्दा व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पूर्व के अध्यक्ष लोकेश शर्मा सभी एक साथ नजर आये । वही दूसरे दिन गुटबाजी के चलते पश्चिमी ब्लॉक अध्यक्ष गिरिराज सिंह देवंदा ने उम्मीदवारों के आवेदन पत्र शहर के मोरीजा रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में लिये वहीं पूर्वी ब्लाक अध्यक्ष लोकेश शर्मा ने जयपुर रोड स्थित पूर्वी ब्लॉक कार्यालय पर लिये ।जिसके चलते कांग्रेस की टिकट चाहने वाले उम्मीदवारों को दूसरे दिन अच्छी खासी परेशानी का सामना करना पड़ा । दो जगह आवेदन लिये जाने के कारण उम्मीदवार असमंजस में थे कि आवेदन पत्र कहां जमा करवाए । मगर फिर भी दूसरे दिन पश्चिमी ब्लॉक अध्यक्ष गिरिराज सिंह देवंदा के पास 38 आवेदन आए ।वही पूर्वी ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश शर्मा के पास 20 उम्मीदवारों अपने आवेदन पत्र दाखिल किए ।जिसके चलते दूसरे दिन कुल 58 उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी जताई । चौमूं विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की ओर से टिकट की दावेदारी करने वालों ने रिकार्ड 109 उम्मीदवारो ने आवेदन पत्र दाखिल कर कांग्रेस के टिकट के लिए उम्मीदवारो ने दावेदारी का शतक लगा दिया है । वहीं कांग्रेस पार्टी की फूट को भी जग जाहिर कर दिया है ।

#### दूसरे दिन 58 लोगों ने सौंपा आवेदन पत्र

कांग्रेस की टिकट के नीचे चुनाव लड़ने को लेकर बुधवार को दूसरे दिनकल 58आवेदन पत्र प्राप्त हुए । जबकि पहले दिन 51 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे ।कुल मिलाकर कांग्रेस के टिकट के लिए इस बार उम्मीदवारों की दावेदारी का शतक लगाया जा चुका है । अब देखने वाली बात यह होगी कि कांग्रेस टिकट के लिए किसके नाम पर मोहर लगाती है ।

#### दूसरे दिन इन्होने सौंपा आवेदन पत्र

आवेदन पत्रों का दूसरे दिन भी सिलसिला जारी रहा जिसमें वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आनंद कुमार मिश्रा नगर अध्यक्ष सुरेश विजयवर्गीय, एडवोकेट बीनू शर्मा, किरण शर्मा , सियाशरण शर्मा गोपाल रेवड़का ,राजेश वर्मा महेश नायक सहित कुल 58 उम्मीदवारों द्वारा कांग्रेस की टिकट के लिए आवेदन पत्र सौंपे गये है।

# सीएलसी व सीआईएस में चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग का सीधा प्रसारण

### *चंद्रयान-3 ने उन सबको गर्वित किया है, जो इसके सफलता की खबर की प्रतीक्षा कर रहे थे : निदेशक चौधरी*





**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**सीकर।** सीएलसी में चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से छात्रों और शिक्षकों को दिखाया गया। सीएलसी निदेशक इंजीनियर श्रवण चौधरी ने कहा की चंद्रयान-3 ने उन सबको गर्वित किया है, जो इसके सफल प्रक्षेपण के बाद इसके सफल लैंडिंग की खबर की प्रतीक्षा कर रहे थे। इस बड़ी सफलता की जानकारी सीधे प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से सीएलसी परिसर तथा सीएलसी के सीबीएसई स्कूल सीआईएस में छात्रों और शिक्षकों को दी गई। छात्र और शिक्षक दोनों ही उत्साहित और प्रेरित हो गए जब उन्हें चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग की तस्वीरें और वीडियो प्रस्तुत किए गए। इसके बाद छात्रों ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संबोधन सुना। इस महत्वपूर्ण क्षण को साझा करते हुए, सीएलसी निदेशक इंजीनियर श्रवण चौधरी ने कहा की यह उपलब्धि न सिर्फ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान के लिए बल्कि पूरी मानवता के लिए गर्व की बात है।हमारे छात्र और शिक्षक ऐसे प्रेरणास्त्रोत बन सकते हैं जो आगे बढ़कर अंतरिक्ष शोध में योगदान दे सकते हैं। छात्रों और शिक्षकों ने इस महत्वपूर्ण समाचार का खुशी और उत्साह से स्वागत किया और इस उपलब्धि के लिए चंद्रयान-3 की टीम को हार्दिक बधाई दी।सीएलसी सीईओ साहिल चौधरी ने कहा की यह समाचार छात्रों के मनोबल को और ज्यादा मजबूती देगा और वे और ज्यादा जुनून के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होंगे। इस प्रोजेक्टर प्रसारण के माध्यम से सीएलसी और सीआईएस के छात्रों को न केवल वैज्ञानिक अवधारणाओं की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की, बल्कि उनके आत्मविश्वास और सोचने की क्षमता को भी बढ़ावा दिया।सीएलसी सीओओ समर चौधरी ने कहा की इस महत्वपूर्ण घटना के माध्यम से छात्रों को यह यह सीखने को मिलेगा कि निरंतर प्रयास और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। समर ने कहा की यह उत्कृष्ट पल एक नये युग की शुरूआत का संकेत है, जिसमें भारत ने अंतरिक्ष शोध में अपने महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए हैं। सीएलसी की पूरी टीम चंद्रयान-3 की सफलता के इस अनमोल क्षण का आनंद ले रही है और वे उन सभी को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने इस सफलता में अपना योगदान दिया। चौधरी ने कहा की इस उत्कृष्ट घटना को मन में बांधते हुए सभी सीएलसीयंस यह संकल्प लेते है कि आने वाले समय में भी उनकी टीम नई ऊंचाइयों को छूने में सक्षम रहेगी और वे नए अद्वितीय कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

# अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय की वित्तीय स्वीकृति मिलने पर अवाना ने मुख्यमंत्री का आभार जताया





**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**उच्चैन।** वर्ष 2023-24 की प्रदेश सरकार की बजट घोषणाओ की क्रियान्वित के क्रम में सरकार द्वारा बजट घोषणा संख्या 417.01.0 में उच्चैन को मिले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय की सरकार द्वारा वित्तीय स्वीकृति मिल चुकी है जिसमें लगभग 11 लाख रुपए की लागत से वाहन सहित फर्नीचर वायरलैस कंप्यूटर आदि उपकरण लिए जायेंगे वही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कल 6 पद स्वीकृत हुए हैं जिसमें एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एक सहायक उप निरीक्षक एवं तीन कांस्टेबल मय ड्राइवर और एक कनिष्ठ सहायक का पद वित्तीय स्वीकृति मिलने पर यहां के स्थानीय विधायक एवं देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह अवाना ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया है क्योंकि उच्चैन 4 साल पहले उच्चैन मात्र रख सहायक निरीक्षक के स्तर का थाना हुआ करता था पर जब से यहां की जनता ने विधायक के रूप में अवाना को चुना है तब से ही विधायक द्वारा उच्चैन को नई उचाई पर ले गए है आज उच्चैन में ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित, सीओ ऑफिस सहित, तमाम बड़े-बड़े सरकारी दफ्तर उच्चैन में खुल चुके हैं।

# मिशन चन्द्रयान-3 की सफलता देश के लिए गौरवान्वित पल : डॉ. भूपेंद्र शर्मा

**सितारा न्यूज नेटवर्क**



जयपुर। निश्चित रुप से मिशन चन्द्रयान-3 का सफलतापूर्वक चंद्रमा पर पहुंचना भारत देश के लिए गौरवान्वित पल है।डॉ. भूपेंद्र शर्मा चांदवास ने इस अद्भुत सफलता पर इसरो टीम व पूरे देश के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश के लोगों में उत्साह है। देश मिशन चन्द्रयान -3 की कामयाबी पर खुशी मना रहा है` हमें हमारी इसरो टीम पर गर्व है` डॉ भूपेंद्र शर्मा ने कहा कि आज भारत पूरे विश्व में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहा है` हमारा देश हर क्षेत्र में आगे जा रहा है, और यही कारण है कि हमारा देश मजबूती के साथ निरंतर रुप से प्रगति के मार्ग पर है। डॉ. शर्मा ने कहा कि भविष्य में भी भारत नये-नये किर्तिमान स्थापित करेगा।

# 5 हजार रुपए का इनामी हार्डकोर बदमाश गिरफ्तार, अवैध हथियार भी बरामद

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**धौलपुर।** कंचनपुर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ध्रुवास बालाजी मंदिर के पास से 5 हजार रुपए के इनामी हार्डकोर बदमाश ओमवीर उर्फ लादेन को गिरफ्तार कर लिया है। बदमाश के पास से पुलिस ने 315 बोर का देसी कट्टा और जिंदा कारतूस भी बरामद किया है।कंचनपुर थाना प्रभारी योगेंद्र शर्मा ने बताया कि कॉन्स्टेबल मानवेंद्र को मुखबिर से हार्डकोर बदमाश के ध्रुवास बालाजी मंदिर के पास होने की सूचना मिली थी। इसके बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम को मौके के लिए रवाना किया गया, जहां पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर हार्डकोर बदमाश ओमवीर उर्फ लादेन (30) पुत्र बने सिंह निवासी लालोनी को गिरफ्तार कर लिया। बदमाश की तलाशी लेने पर पुलिस को 315 बोर का देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस मिल गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए बदमाश ओमवीर पर हत्या, हत्या का प्रयास, चौथ वसूली, अपहरण और राज्य कार्य में बाधा सहित करीब 27 मामले दर्ज हैं, जिस पर तीन महीने पहले बालाजी मंदिर के पास ही फायरिंग करने का मामला दर्ज हुआ था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए बदमाश पर दलित उत्पीड़न जैसे भी गंभीर मामले दर्ज हैं।मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किए गए बदमाश से पुलिस पूछताछ कर रही है।पूछताछ करने के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# दांता में गाड़िया लोहार समाज का संघर्ष से भरा जीवन

### गाड़ियां लोहार शंकर राठौड़ ने की नगर पालिका से जमीन व पट्टे देने की मांग,

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**दांतारामगढ़ ।(विनोद धायल)** जब भी हम घर से बाहर कहीं जाने के लिए निकलते तो रास्ते में जहां तहां लकड़ी की गाड़ियों में अपना गुजर बसर करने वाले गाड़ियां लोहारों पर हमारी नजर जरूर जाती है। एक और तो सरकार प्रत्येक सिर को छत देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की आवासीय योजनाएं ला रही है इसके तहत हर प्रकार के भूमिहीन को जमीन देने की योजनाएं चला रही है। दूसरी और नगर पालिका दांता में 40 वर्षों से गाड़िया लोहारों के करीब 15 परिवार अपना संकट भरा जीवन बिना घर के खुले आसमान में बिता रहे हैं स्थाई रूप से निवास बनाने की इच्छा वाले गाड़ियां लोहारों के लिए आज दिन तक नगर पालिका एवं राज्य सरकार ने ना तो भूमि आवंटित की है और ना ही पट्टे जारी किए हैं। जबकि सरकार ने प्रदेश में गाड़ियां लोहारों को निशुल्क भूमि आवंटित कर पट्टे देने का प्रावधान किया है और





आवास योजना के तहत मकान बनाने के लिए भी अनुदान देने की योजना है। महाराणा प्रताप वंशज गाड़िया लोहार के प्रदेश अध्यक्ष शंकर राठौड़ गाड़िया लोहार का कहना है कि राजस्थान में कई जिलों में राज्य सरकार के निदेर्शानुसार गाड़ियां लोहार को संबंधित पंचायत व नगर पालिका द्वारा निशुल्क पट्टे जारी किए गए हैं।

मकान बनाने के लिए अनुदान राशि भी प्रदान की गई है।शंकर राठौड़ ने बताया कि दांता कस्बें में करीब 15 परिवार गाड़ियां लोहारों के 40 साल से बसे हुए हैं और अपनी गाड़ियों के अंदर ही तंबू लगाकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं ना तो उनके पास पक्के मकान है और ना ही खुद की जमीन।लेकिन प्रशासन द्वारा खुले आसमान में सर्दी, गर्मी, बारिश सभी परेशानियों का सामना करते हुए अपना जीवन यापन कर रहे इन परिवारों को आज तक पट्टे जारी नहीं किए गए हैं।उन्होंने बताया कि निशुल्क पट्टे देने व भूमि आवंटन को लेकर जिला कलेक्टर स्तर पर सर्वे कर रिपोर्ट भी बनाई गई है लेकिन आज तक प्रकिया पूरी नहीं की गई। गाड़ियां लोहारों के प्रदेश अध्यक्ष शंकर राठौड़ ने दांतारामगढ़ प्रशासन एवं नगर पालिका प्रशासन से मांग की है राज्य सरकार द्वारा चलाई गई योजना के प्रावधान के तहत इन परिवारों को भूमि आवंटित करने शुल्क पट्टे जारी किए जाएं ताकि इन परिवारों को भी पक्के मकान में रहने का लाभ मिल सके।

**राशन कार्ड, आधार कार्ड सब कुछ लेकिन रहने को घर नहीं:** पिछले 40 वर्षों से दांता कस्बे में बसे गाडियां लोहार रतन गाड़िया लोहार, सीताराम, कबू देवी आदि ने बताया कि उनके पास यहां का राशन कार्ड है आधार कार्ड है और खाद्य सुरक्षा योजना अंतर्गत गेहूं भी मिल रहा है और यहां तक कि चुनावों में वोट भी देते हैं लेकिन उनके पास रहने के लिए मकान नहीं है और बिजली नहीं है इसके साथ ही पीने के लिए पानी की व्यवस्था भी नहीं है उन्होंने कहा कि बच्चों को स्कूल में दाखिला कराने की भी कोई व्यवस्था नहीं है जिसकी वजह से उनके बच्चों का भविष्य भी अंधकार मय हो रहा है।इसलिए सभी ने सरकार और स्थानीय प्रशासन व नगर पालिका से निशुल्क भूमि आवंटित कर पट्टे देने की गुहार लगाई है।

**महिलाओं को होती है शर्मिंदगी और परेशान:** कब्बू देवी गाड़ियां लोहार ने बताया कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए कई प्रकार की योजनाएं चल रही है शौचालय आदि भी बनवा रही है लेकिन खुले आसमान में जीवन यापन कर रही गाड़ियां लोहार समाज की महिलाओं को आज भी खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है और गर्भवती महिलाओं व युवतियों को काफी शर्मिंदगी महसूस करनी पड़ती है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।




### पहले प्रसाय में बनाया रिकॉर्ड

# विश्व चैंपियनशिप : एल्ड्रिन ने लंबी कूद के फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| बुडापेस्ट

राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी लंबी कूद के एथलीट जेस्विन एल्ड्रिन ने बुधवार को यहां पहली बार विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। मुरली श्रीशंकर खराब प्रदर्शन के बाद क्वालीफिकेशन दौर से बाहर हो गए।

एल्ड्रिन ने अपने पहले प्रयास में 8.0 मीटर की कूद लगाई लेकिन अगले दो प्रयासों में 'फाउल' कर गए। यह प्रदर्शन उन्हें गुरुवार को होने वाले 12 खिलाड़ियों के फाइनल में पहुंचाने के लिए काफी था। फाइनल्स में वही एथलीट पहुंचते हैं जो 8.15 मीटर की कूद लगाते हैं या फिर दो क्वालीफिकेशन ग्रुप के शीर्ष 12 पर रहते हैं। मार्च में 8.42 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एथलीट के तौर पर उतरे एल्ड्रिन ग्रुप बी क्वालीफिकेशन दौर में छठे स्थान पर रहे और वह दोनों ग्रुप में सर्वश्रेष्ठ 12वें एथलीट के तौर पर अंतिम क्वालीफायर के रूप में फाइनल्स में पहुंचे।

### एल्ड्रिन का दूसरा मौका

एल्ड्रिन के लिए यह दूसरी विश्व चैंपियनशिप है। वह अमेरिका में 2022 चरण में क्वालीफिकेशन दौर से बाहर हो गए थे। एल्ड्रिन और श्रीशंकर दोनों ने सत्र के सर्वश्रेष्ठ लंबी कूद खिलाड़ियों की सूची में क्रमशः पहले और दूसरे स्थान की रैंकिंग से विश्व चैंपियनशिप में प्रवेश किया था।



### श्रीशंकर ने किया निराश

श्रीशंकर ने 7.74 मीटर, 7.66 मीटर और 6.70 मीटर के निराशाजनक प्रयास किए। वह ग्रुप ए क्वालीफिकेशन में 12वें स्थान से कुल 22वें स्थान पर रहे। उनका क्वालीफिकेशन दौर से बाहर होना भारतीय खेमे के लिए बुरी खबर रही क्योंकि 3000 मीटर स्टीपलचेस एथलीट अविनाश साबले पहले ही फाइनल्स में पहुंचने में विफल रहे थे जिनसे कम से कम फाइनल्स में पहुंचने की उम्मीद थी। श्रीशंकर इस सत्र में एल्ड्रिन से ज्यादा निरंतर रहे थे, वह कई मौकों पर आठ मीटर की कूद लगाने में सफल रहे थे।

## विश्व कप फाइनल: प्रज्ञानानंदा और कार्लसन के बीच दूसरी बाजी भी ड्रॉ

### आज टाईब्रेकर के जरिए होगा चैंपियन का फैसला

एजेंसी ▶▶| बाकू

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के बीच बुधवार को यहां फिडे विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट की दूसरी क्लासिकल बाजी भी ड्रॉ रही। दूसरी बाजी में डेढ़ घंटे के खेल और 30 चाल के बाद दोनों खिलाड़ी ड्रॉ पर सहमत हो गए। चैंपियन का फैसला अब गुरुवार को टाईब्रेकर के जरिए होगा।

कार्लसन ने सफेद मोहरों से प्रज्ञानानंदा के खिलाफ ठोस प्रदर्शन किया। भारतीय खिलाड़ी को हालांकि काले मोहरों से खेलते हुए किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा और दोनों खिलाड़ी 30 चाल के बाद मुकाबले को ड्रॉ करने पर राजी हो गए। मंगलवार को पहली बाजी भी चार घंटे से अधिक खेल और 70 से अधिक चाल के बाद ड्रॉ रही थी। भारत के 18 साल के प्रज्ञानानंदा ने सोमवार को सेमीफाइनल में टाईब्रेक के जरिए दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी फाबियानो कारूआना को हराया था और फाइनल में जगह बनाई थी। प्रज्ञानानंदा इसके साथ ही महान बॉबी फिशर और कार्लसन के बाद कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी बने।



### विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप : शेरिका जैक्सन (10.72) को पछाड़ा

# शाकेरी 100 मीटर रेस की नई फर्राटा क्वीन, 10.65 सेकंड में पूरी की दौड़

एजेंसी ▶▶| बुडापेस्ट

अमेरिका की 23 साल की शाकेरी रिचड्र्सन ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 100 मीटर की रेस अपने नाम की। रिचड्र्सन ने 10.65 सेकंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड के साथ जमैका की शेरिका जैक्सन (10.72) को पछाड़ा।

वहीं, 36 साल की उम्र में फर्राटा रेस का छठा खिताब जीतने की दावेदार गत चैंपियन जमैका की शैली एन फ्रेजर प्रायस (10.77) को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। नौवीं लेन में दौड़ीं शाकेरी ने शैली एन फ्रेजर के रिकॉर्ड को 0.02 सेकंड के साथ सुधारा। वह 80 मीटर तक पिछड़ रही थी लेकिन अंतिम 20 मीटर में जैक्सन और शैली को पछाड़ दिया।

### डोप में फंसी थी खिलाड़ी

रिचड्र्सन को टोक्यो ओलंपिक से पहले अमेरिकी चयन स्पर्धा में मादक पदार्थ सेवन का दोषी पाए जाने के बाद एक महीने के लिए निलंबित कर दिया गया था। इस कारण वह ओलंपिक के लिए अमेरिकी टीम में शामिल नहीं हो सकीं थी। इसके अलावा वह पिछले साल ओरेगन में हुई विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी थी।




### फ्रेजर ने 15वें पदक के साथ तोड़ा बोल्ट का रिकॉर्ड




जमैका की शैली एन फ्रेजर प्रायस विश्व चैंपियनशिप में 100 मीटर के अपने खिताब की रक्षा तो नहीं कर पाईं लेकिन उन्होंने सर्वाधिक पदक जीतने में फर्राटा किंग उसेन बोल्ट का रिकॉर्ड जरूर तोड़ दिया। फ्रेजर प्रायस ने कांस्य पदक के साथ विश्व चैंपियनशिप में अपना 15वां पदक जीता। बोल्ट के नाम 14 पदक हैं जिसमें 11 स्वर्ण पदक हैं। 36 साल की प्रायस के खाते में दस स्वर्ण पदक हैं जिसमें 100 मीटर में पांच स्वर्ण और चार रजत पदक हैं। विश्व चैंपियनशिप में पहली बार उन्हें कांस्य पदक मिला है। सर्वाधिक पदक अमेरिका के दिग्गज एलिसन फेलिक्स (20) के नाम हैं। अगर प्रायस चार गुणा 100 मीटर रिले में जमैका की नुमाइंदगी करती हैं तो उनके पास इस विश्व चैंपियनशिप में एक और पदक जीतने का मौका है।

## न्यूजीलैंड के कोचिंग स्टाफ में फोस्टर फ्लेमिंग, बेल शामिल



**आकलैंड।** न्यूजीलैंड ने भारत में होने वाले विश्व कप से पहले टीम के कोचिंग स्टाफ में पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग के साथ इंग्लैंड के इयान बेल और जेम्स फोस्टर को शामिल किया है। फ्लेमिंग और पूर्व विकेटकीपर फोस्टर के पास आईपीएल का अनुभव भी है। फ्लेमिंग एक दशक से अधिक समय से चेन्नई सुपर किंग्स के कोच हैं और महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली टीम को पांच आईपीएल खिताब दिला चुके हैं। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, 'फ्लेमिंग का आना टीम के लिए और स्टाफ के लिए भी बहुत अच्छा है। उनके पास भारत में खेलने का अपार अनुभव है और आईपीएल की शुरुआत से चेन्नई टीम के साथ हैं। उनसे भारत में खेलने को लेकर काफी उपयोगी जानकारी मिलेगी।' दूसरी ओर फोस्टर कोलकाता नाइट राइडर्स के मौजूदा सहायक कोच हैं। वह दुनिया भर में टी20 लीग में कोचिंग कर चुके हैं। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज बेल इंग्लैंड के खिलाफ इस महीने के आखिर में होने वाली टी20 श्रृंखला के जरिए न्यूजीलैंड टीम से जुडेंगे। वह ल्यूक रोंची की जगह बल्लेबाजी कोच होंगे।

# डिफेंडिंग चैम्पियन इंग्लैंड से वॉर्म-अप मैच खेलेगा भारत

## वनडे वर्ल्ड कप वॉर्म-अप मुकाबलों का शेड्यूल जारी

**नई दिल्ली।** वनडे वर्ल्ड कप के वॉर्म-अप मैचों का शेड्यूल क्ळ्उ ने जारी कर दिया है। 29 सितंबर को बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच गुवाहाटी में पहला वॉर्म-अप मैच होगा। भारत 30 सितंबर को डिफेंडिंग चैम्पियन इंग्लैंड के खिलाफ गुवाहाटी में ही वॉर्म-अप मुकाबला खेलेगा। 10 वॉर्म-अप मैच 5 दिन में 3 अलग-अलग स्टेडियम पर होंगे। वनडे वर्ल्ड कप में लीग स्टेज के मुख्य मुकाबले 5 अक्टूबर से शुरू होंगे। टूनार्मेंट 19 नवंबर तक भारत के 10 अलग-अलग स्टेडियम में खेला जाएगा।

### हैदराबाद, गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम में वॉर्म-अप मैच

वनडे वर्ल्ड कप से पहले 29 सितंबर से 3 अक्टूबर तक 10 वॉर्म-अप मैच खेले जाएंगे। टूनार्मेंट में हिस्सा लेने सभी 10 टीमें 2-2 मैच खेलेंगी। गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम में 4-4 मैच होंगे। जबकि हैदराबाद में 2 ही मैच होंगे। यहां वर्ल्ड कप लीग स्टेज के 3 मुकाबले भी होंगे। जबकि बाकी 9 स्टेडियम को लीग स्टेज के 5-5 मुकाबले मिले हैं।

### टीम इंडिया नीदरलैंड से भी वॉर्म-अप मैच खेलेगी

भारत का पहला वॉर्म-अप मैच 30 सितंबर को इंग्लैंड के खिलाफ गुवाहाटी के बाराबाती स्टेडियम में होगा। टीम फिर 3 नवंबर को तिरुवनंतपुरम में नीदरलैंड के खिलाफ भिड़ेगी। टीम इंडिया वॉर्म-अप और लीग स्टेज में भी हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम पर कोई मैच नहीं खेलेगी।

### हैदराबाद में पाकिस्तान के दोनों मैच होंगे

हैदराबाद में पाकिस्तान टीम के दोनों वॉर्म-अप मुकाबले होंगे। 29 सितंबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ और 3 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम के दोनों वॉर्म-अप मैच होंगे। पाकिस्तान टीम लीग स्टेज में भी अपने शुरूआती 2 मुकाबले हैदराबाद में ही खेलेगी। पाकिस्तान टीम 6 अक्टूबर को नीदरलैंड और 10 अक्टूबर को श्रीलंका के खिलाफ हैदराबाद में ही भिड़ेगी।




### तिरुवनंतपुरम में साउथ अफ्रीका 2 मैच खेलेगा

गुवाहाटी में 29 सितंबर को साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच पहला वॉर्म-अप मुकाबला तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा। शहर में कुल 4 मैच खेले जाएंगे। 30 सितंबर को ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के बीच मैच होगा। फिर 2 अक्टूबर को न्यूजीलैंड-साउथ अफ्रीका के बीच और 3 अक्टूबर को भारत-नीदरलैंड के बीच शहर में आखिरी वॉर्म-अप मैच होगा।

### तीसरा टी-20 बारिश के कारण रद्द

# भारत ने सीरीज 2-0 से जीती



**नई दिल्ली।** भारत और आयरलैंड के बीच टी-20 सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला बारिश के कारण रद्द कर दिया गया है। बारिश के कारण मैच में टॉस तक नहीं हो सका। शुरूआती 2 टी-20 के नतीजों के आधार पर भारत ने 3 मैचों की सीरीज 2-0 से जीती।

2 मैचों में 4 विकेट लेने वाले टीम इंडिया के कप्तान जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। उन्होंने सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लिए। भारत के ही ऋतुराज गायकवाड ने सीरीज में सबसे ज्यादा 77 रन बनाए।

डबलिन में बुधवार शाम को शुरू हुई बारिश भारतीय समयानुसार रात 10:30 बजे तक होती रही। द विलेज स्टेडियम बारिश के कारण गीला हो चुका था। मैच शुरू करने की डेडलाइन रात 11:15 बजे तक थी, लेकिन बारिश रुकते नहीं देख अंपायर्स ने मैच को रद्द घोषित कर दिया।

**भारत ने आयरलैंड को तीसरी सीरीज हराई:** भारत ने आयरलैंड को लगातार तीसरी टी-20 सीरीज हराई है। इससे पहले 2018 और 2022 में टीम ने आयरलैंड का व्हाइट वॉश किया था। टीम इंडिया बारिश के कारण पहली बार आयरलैंड के खिलाफ क्लीन स्वीप नहीं कर सकी। 2018 में भारत ने 3-0 और 2022 में 2-0 से जीत दर्ज कर थी।जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में भारत ने पहला मैच ड्थ्छ मेथड के तहत 2 रन और दूसरा मैच 33 रन से जीता था। बुमराह, रवि बिश्नोई और प्रसिद्ध कृष्णा ने सीरीज में सबसे ज्यादा 4-4 विकेट लिए। बुमराह की इकोनॉमी महज 4.87 रही, इसलिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।टीम इंडिया से ऋतुराज गायकवाड ने सबसे ज्यादा 77 रन बनाए। उन्होंने पहले टी-20 में नॉटआउट 19 रन और दूसरे मैच में 58 रन बनाए थे। उनके बाद ओपनर यशस्वी जायसवाल ने भारत से सबसे ज्यादा 42 रन बनाए।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### मनीष सीनियर सेकेंडरी स्कूल में टी. डी. वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन

*380 विद्यार्थियों ने टीडी वैक्सीनेशन का लाभ उठाया*



सितारा न्यूज नेटवर्क

**हरमाड़ा।** मनीष सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मोमेंटम रूटीन इम्यूनाइजेशन ट्रांसफॉर्मेशन इक्विटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत लाडली फाउंडेशन के सहयोग से टी. डी. वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे लगभग 380 विद्यार्थियों का टीडी वैक्सीनेशन किया गया एवं वैक्सीन लगवाने वाले सभी विद्यार्थियों को आने वाले एक हफ्ते में 3 वर्ष का बाईजुज ऑनलाइन लर्निंग प्रीमियम कोर्स भी निःशुल्क प्रदान कर दिया जायेगा एवं समस्त विद्यार्थियों को काउंसलिंग के माध्यम से टी.डी. एवं नियमित टीकाकरण के प्रति जागरूक भी किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से आर सी एच ओ डॉ. अमन माथुर एवं हरमाड़ा एचसी से एमओआईसी डॉ. राम सहाय चौधरी ने अपनी अहम भूमिका निभाई एवं ऐसे अन्य और टी डी वैक्सिनेश कैंप लगाने के लिए लाइली फाउण्डेशन की टीम का मनोबल भी बढ़ाया, इसी के साथ जेएसआई की ओर से डॉ. आर. पी. जैन व फतेह सिंह ने कार्यक्रम की रूप रेखा एवं कैंप को व्यवस्थित रूप देने में अपना अहम योगदान दिया व अपने सुझाव व अनुभव सांझा किए। स्कूल डायरेक्टर महावीर सिंह ने डॉक्टर टीम और विद्यालय स्टाफ व लाडली फाउंडेशन को धन्यवाद दिया।

### इसरो की टीम को बधाई : डॉ सुनील धायल

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर। (विनोद धायल)** आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष ट्रेड विंग डॉ सुनील धायल ने चंद्रयान की सफलता पूर्वक चांद की सतह पर लैंडिंग के लिए देश की स्पेस एजेंसी इसरो की टीम को बधाई दी है। इस मिशन से इंडिया विश्व के 4 देशों की सूची में शामिल हो गया है जो अपने यान कि चन्द्रमा की सतह पर लैंडिंग करवाने में सफल रहे है। आम आदमी पार्टी हमेशा देश की तरक्की में देश की जनता के साथ खड़ी रहती हैं और शिक्षा के क्षेत्र में नए युवा पीढ़ी के वैज्ञानिक तैयार करने की शिक्षा नीति को बढ़ावा दिया है। आम आदमी पार्टी की शिक्षा नीति आज दिल्ली और पंजाब में जो शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति कि है उसका परिणाम आने वाले समय में देश के अंदर देखने को मिलेगा।

### धौलपुर विधायक ने विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन कर किया शिलान्यास





सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल ।** विधानसभा क्षेत्र धौलपुर में बुधवार को विधायक शोभारानी कुशवाहा ने विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया । जिसमें निधैरा कला में लगभग 6 किलोमीटर नवीन डाबरी करण की सड़कें निम्न हैं 1.ग्राम पंचायत निधैरा कला में बिजली घर मुख्य सड़क से राम सिंह का पुरा बायां शंकर सिंह का पुरा, 2. निधैरा कला पोखर से राम सिंह का पुरा बायां जागीर पुरा बाबूसिंह पुरा करनसिंह का पुरा, 3. निधैरा खुर्द जाटव बस्ती से घमंड पुरा तक जिनकी लागत 2 करोड़ 36 लाख रुपए है, 4. सागर पाड़ा स्थित अंबेडकर पार्क की 30 लाख रुपए से बन रही बाउंड्री वॉल, इस अवसर पर रामबाबू लोधा पूर्व सरपंच नबावसिंह लोधा सुनील गुर्जर सरपंच प्रतिनिधि सुनीता जाटव सरपंच निधैरा कला अतरसिंह लोधा किरोड़ी लाल रजक मुरारीलाल लोधा बद्री डीलर किशन सिंह डीलर बहादुर सिंह रजक शिशुपाल सिंह तोमर प्रकाश निषाद रामतार निषाद पवन तोमर भगवानसिंह सागर जी अध्यक्ष अंबेडकर पार्क सेवा समिति सूरज बाबूजी मंगलसिंह पप्पू सोनी जलसिंह रामहेत किरोड़ीलाल वालकिशन आकाश सागर रतन सिंह ओमप्रकाश रोशन लाल सुल्तान सुरेंद्र सिंह राजवीर आदि लोग उपस्थित रहे ।

### धर्मेन्द्र सिंह बने पुर्वांचल संभाग(रावणा राजपूत समाज)के युवा अध्यक्ष

सितारा न्यूज नेटवर्क



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना ।** श्री अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला के निदेर्शानुसार श्याम सिंह खोड़ , युवा प्रदेशाध्यक्ष ने धर्मेन्द्र सिंह नरूका पुत्र मदन सिंह नरूका निवासी सुण्डियाना ( अलवर ) को युवा कार्यकारिणी मे पूर्वांचल संभाग का युवा अध्यक्ष बनाया है। धर्मेन्द्र सिंह के युवाध्यक्ष बनाये जाने पर अलवर जिले के रावणा राजपूत समाज के लोगो ने खुशी जताते हुए दूरभाष पर उन्हे बधाईयां दी है। मिडिया को यह सारी जानकारी गढ़ीसवाईराम से राजेश राठौड के द्वारा दी गई है।

# राजस्थान लेखिका साहित्य संस्थान ने पुस्तकों का लोकार्पण किया

सितारा न्यूज नेटवर्क




**जयपुर।** राजस्थान लेखिका साहित्य संस्थान की मासिक संगोष्ठी के अंतर्गत तुलसी जयंती के विशेष अवसर पर दिनांक 23 अगस्त को 'गो.तुलसीदास के साहित्य की प्रासंगिकता ' विषय पर चर्चा एवं डॉ कृष्णा रावत की दो पुस्तकों 'हिंदी के लोकप्रिय गीत' एवं ' शिखरस्थ गीतकारों के कालजयी गीत' का लोकार्पण कार्यक्रम रखा गया है। संस्था सचिव डॉ सुषमा शर्मा ने सभी का अभिनंदन किया एवं तुलसी जयंती की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि विनय पत्रिका में तुलसी ने अपने विनय भाव को श्रीराम के चरणों में अर्पित किया है। संस्था की अध्यक्ष डॉक्टर जयश्री शर्मा ने तुलसी साहित्य पर अपने विचार रखते हुए कहा कि तुलसी ने रामचरितमानस के जरिए भगवान राम की भक्ति को घर-घर तक पहुँचाया है। जहाँ तुलसी का साहित्य भक्ति-भावना जागृत करता है वही सामाजिक चेतना का भी प्रसार करता है। उपाध्यक्ष डॉ रेखा गुप्ता ने तुलसीदास की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए तुलसी के काव्य को ज्ञान,भक्ति और सदाचार की शिक्षा देने वाला उत्तम काव्य लक्षणों से युक्त लोक कल्याणकारी साहित्य बताया। सहसचिव रेनू शब्द मुखर ने बताया कि अपर्णा चतुर्वेदी, सुशीला शर्मा, सरोज चौहान एवं पुष्पा माथुर ने तुलसी के मानस प्रसंगों पर अपनी बात रखी और पुष्पा माथुर तथा मंजुलता भट्ट ने तुलसीदास के पदों का स्वर वाचन किया। डॉ कृष्णा रावत के दोनों गीत संग्रहों पर डॉ राज चतुर्वेदी,पुष्पा गोस्वामी , डॉ सुषमा शर्मा व डॉ रेखा गुप्ता ने आज के भौतिकतावादी युग की भाग दौड़ के बीच मन को शांति और आनंद देने वाले गीतों का महत्व स्पष्ट किया। इसमें सोम ठाकुर,हरिवंश राय बच्चन, गोपालदास नीरज,रामकुमार चतुर्वेदी चंचल,गोपाल सिंह नेपाली,कीर्ति काले, कुंवर बेचैन, सर्वेश्वर दयाल सक्सेना आदि अनेक प्रसिद्ध कवियों के गीत हैं। डॉ जयश्री शर्मा ने अंतगोष्ठी के सफल संचालन के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया।

## किरण स्कूल गोविन्दपुरा के छात्राओं ने कब्बड्डी में जीता गोल्ड मेडल

*निदेशक कर्मवीर सिंह बेनीवाल ने विद्यार्थियों को विद्यालय पहुंचने पर सम्मानित किया*

सितारा न्यूज नेटवर्क



**गोविंदपुरा।** कालवाड़ रोड़ गोविन्दपुरा स्थित किरण बाल भारती सी. सै. स्कूल के छात्रा कोमल यादव पुत्री कानाराम यादव कक्षा 10 और मुस्कान शर्मा पुत्री हेमेन्द्र शर्मा कक्षा 12 कला वर्ग ने ग्रामीण ब्लॉक स्तरीय कब्बड्डी प्रतियोगिता फुलेरा में स्वर्ण पदक जीता। संस्था निदेशक कर्मवीर सिंह बेनीवाल ने बताया की छात्राओं ने फुलेरा में आयोजित हुई ग्रामीण कब्बड्डी ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय की तरफ से खेलते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल जीता। स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर छात्राओं को विद्यालय में सम्मानित किया गया तथा विद्यालय परिवार ने छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एक ऐतिहासिक उपलब्धिः अखिलेश प्रताप सिंह

## चंद्रयान 3 के सफल लैंडिंग पर जयनारायण व्यास नगर में जश्न

सितारा न्यूज नेटवर्क



**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** चंद्रयान 3 के सफलता पूर्वक चांद पर पहुचने और सुरक्षित उतरने पर जयनारायण व्यास नगर के नागरिकों ने प्रसन्नता प्रकट करते हुए एक दूसरे को बधाई दी व मुह मीठा कर अभिनन्दन किया। भारतीय जनता पार्टी शिवबाड़ी मण्डल व रानी बाजार मण्डल के कार्यकताओं ने इस अवसर पर आतिशबाजी कर प्रसन्नता का इजहार किया।इस अवसर पूर्व जिलाध्यक्ष और हनुमान गढ़ जिला प्रभारी अखिलेश प्रताप सिंह ने इसरो के वैज्ञानिकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए इस उपलब्धि के प्रति बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता का परिणाम है जो एक उपलब्धि में परिवर्तित हो गई है। इस अवसर पर शिवबाड़ी मण्डल अध्यक्ष अभय परीक, महामन्त्री नरेन्द्र सिंह राठौड़, रानीबाजार मण्डल अध्यक्ष नरसिंह सेवग, महामन्त्री पुखराज स्वामी, भाजपा पूर्व जिला महामंत्री अनिल शुक्ला, चिकित्सा प्रकोस्थ जिला सयोजक डॉ सिदार्थ असवाल, पार्षद संजय गुप्ता, हिमामशु शर्मा, आदर्श गुप्ता, राजेन्द्र सिंह भाटी, दिनेश महिर्षि, हेमेंद्र सिंह, सत्येन्द्र गुप्ता, लक्ष्मण कुमार समेत बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने एकत्रित हो कर चंद्रमा विजय पर भारत माता की जय घोष व वन्दे मातरम के नारे लगाए

## संत-महात्माओं ने दी बधाई, वैज्ञानिकों की उपलब्धि को सराहा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** चंद्रयान-3 की लैंडिंग के साथ ही पूरे भारत में जश्न का माहौल है।इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर रामझरोखा कैलाशधाम के पीठाधीश्वर श्रीसरजूदासजी महाराज ने वैज्ञानिकों का आभार जताया और 140 करोड़ देशवासियों को शुभकामनाएं दी। श्रीसरजूदासजी महाराज ने कहा कि पूरे देश के संत-महात्माओं ने भी विज्ञान की इस उपलब्धि को सराहा है। पूज्य गुरुदेव श्रीरामदासजी महाराज ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि चाँद पर सफलतम लैंडिंग करके भारत ने पूरे विश्व में अपनी विद्वता कायम की है। इससे पूर्व बुधवार सुबह श्रीसरजूदासजी महाराज द्वारा नर्बदेश्वर महादेव का अभिषेक कर चंद्रयान-3 के सफलतम लैंडिंग की प्रार्थना की गई थी।

## ब्लाक अध्यक्ष को उप जिलाप्रमुख मोहन डागर का सौंपा बायोडाटा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** आमेर तहसील के सीकर रोड अनन्त सफारी गार्डन में ब्लॉक अध्यक्ष रामपुरा डाबडी बाबुलाल भुखल, आमेर ब्लॉक अध्यक्ष राधेश्याम मीणा एवं कांग्रेस के विधानसभा प्रभारी जय नारायण मीणा को उप जिलाप्रमुख प्रतिनिधि ने उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर का विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी बनाने का बायोडाटा सौंपा। इस दौरान जिला प्रमुख प्रतिनिधि शिवराज उदय ने बताया कि विधानसभा प्रभारी, ब्लॉक अध्यक्ष को उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर का बायोडाटा सौंपा है जिसमें विधानसभा चुनाव 2023 में आमेर विधानसभा से कांग्रेस पार्टी का प्रत्याशी बनाने हेतु बायोडाटा सौंपा ।इस अवसर पर जिला प्रमुख प्रतिनिधि राहुल डागर, शिवराज उदय, दीपक डागर, नरेन्द्र चौधरी सहित लोग मौजूद थे।

## मिली सौगात : मंत्री प्रताप खाचरियावास ने किया शुभारंभ

**हाईटेंशन लाइन भूमिगत करवाने पर स्वागत भी हुआ**





सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर/जनीश सिंह।** बुधवार को केबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास द्वारा रामनगर शिव कॉलोनी में हाईटेंशन लाइन भूमिगत करवाने पर स्वागत कर, शुभारंभ करवाया और सभी शिव कॉलोनी विकास समिति के लोगो ने आभार प्रकट किया, इधर माननीय मंत्री ने भी जन-जन की समस्या सुन उसे पूरी करने का वादा किया तथा आगे भी इसी बड़ी समस्याओं का समाधान करते रहेंगे जिससे की आम जन को सुविधा हो। इस कार्यक्रम में नरेंद्र मारवाल, दोलत सैनी, दीपक, विजेंद्र सिंह एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 25 से शुरू होगा सबला सतरंगी सावन मेला, एक की छत्त के नीचे मिलेंगे अनेक उत्पाद

सितारा न्यूज नेटवर्क



**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबन बनाने के उद्देश्य से सबला कुटुम्ब की ओर से 25 से 27 अगस्त तक सबला सतरंगी सावन मेले का आयोजन गोकुल सर्किल स्थित सूरदासाणी बगेची में किया जा रहा है। आयोजक वीणा आचार्य ने बताया कि सबला कुटुंम का मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों को ऑनलाइन और ऑफलाइन प्लेटफार्म उपलब्ध करवाना है। इसके लिए वह पिछले 2 सालों से प्रयासरत है। सभी जाति,वर्ग और की राज्यों की महिलाएं इस कुटुंब से जुड़ी हुई है। और अपने बिजनेस को नई पहचान दे रही हैं। आचार्य ने बताया कि सबला कुटुंब महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए इस मेले का आयोजन कर रहा है। जिसके अंतर्गत महिला उद्यमियों द्वारा 40 दुकानें सजाई जाएगी। जिसमें रेडीमेड गारमेंट्स किड्स वियर पार्टी वियर कैजुअल वेयर सभी तरह के ड्रेस मटेरियल के अलावा आर्ट एंड क्राफ्ट के आइटम, पर्स बैग एसेसरीज ज्वेलरी साडि ?ां फुटवियर बेकरी, फलाहारी, लड्डू गोपाल के वस्त्र,तीज के सातू,घरेलू डेकोरेटिव समान,चद्दर-पर्दे,फास्ट फूड आदि उत्पाद की दुकानें लगाई जाएगी। साथ ही बच्चों के मौज मस्ती खेलने कूदने की दृष्टि से भी काफी अरेंजमेंट किए गए हैं। सुबह ग्यारह बजे से रात दस बजे तक चलने वाले इस मेले में मेहंदी,रंगोली,पेंटिंग आदि कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। आचार्य ने बताया कि मेले के दौरान समाजसेवियों और सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। उभरती महिला उद्यमी प्रतियोगिता होगी। जिसके विनर को सबला शक्ति अवार्ड 2023 से सम्मानित किया जाएगा।

### ये होगें आयोजन

आचार्य ने बताया कि तीनों दिन शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम रखे गए हैं कई तरह की प्रतियोगिताएं रखी गई है और 27 अगस्त को सबला शक्ति 2023 के अवार्ड के लिए न्यू फेस कंपटीशन रखा गया है। इस प्रतियोगिता में सिर्फ वह महिलाएं हिस्सेदारी करेगी जो बिजनेस के क्षेत्र में उतारना चाहती हैं अथवा जिन्होंने नया स्टार्टअप शुरू किया है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य नई उभरती हुई महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करना है।27 अगस्त को ही पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम रखा गया है इसी दिन सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम का समय तीनों दिन 5रू00 बजे से रखा गया है। वहीं 26 अगस्त को बिग सावन क्वीन 11 के लिए ऑडिशन लेंगे। अतरू जो भी महिलाएं इसके लिए ऑडिशन देना चाहे वह 26 तारीख को तीन बजे इस मेले में जरूर पहुंचे।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com